




बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 09 जून 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 132 | मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा ● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली










## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 7 कीर्ति चक्र प्रदान किए, गगनयात्री प्रशांत नायर भी सम्मानित



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने स्व. एल/डीएफआर बलदेव चंद को मरणोपरांत शौर्य चक्र प्रदान किया। यह सम्मान उनकी पत्नी श्रीमती शिवानी रानौत और माता श्रीमती विजय कुमार ने ग्रहण किया।

**नई दिल्ली, (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों के उन कर्मियों को सोमवार को सात कीर्ति चक्र प्रदान किए जिन्होंने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना अदम्य साहस, अद्वितीय वीरता और असाधारण पराक्रम दिखाया। इनमें से दो कर्मियों को पदक मरणोपरांत दिए गए। भारतीय वायुसेना के पायलट और गगनयात्री एयर कमोडोर प्रशांत बालकृष्णन नायर भी शांतिकाल में दिए जाने जाने वाले भारत के दूसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र पाने वालों में शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी समारोह में शामिल हुए।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह के प्रथम चरण के तहत मुर्मू ने रक्षा बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को सात कीर्ति चक्र (जिनमें दो मरणोपरांत शामिल हैं), 15 वीर चक्र (जिनमें तीन मरणोपरांत शामिल हैं) और 29 शौर्य चक्र (जिनमें एक मरणोपरांत शामिल है) प्रदान किए। नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर दिल्ना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. शौर्य चक्र पाने वालों में शामिल हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें 'नाविका सागर परिक्रमा-दो' में असाधारण धैर्य, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए यह वीरता पुरस्कार प्रदान किया।

लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. ने लेफ्टिनेंट कमांडर दिल्ना के. के साथ मिलकर हिंद महासागर, प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर और दक्षिणी महासागर से होते हुए 25,600 समुद्री मील से अधिक की यात्रा की। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में प्रशस्ति पत्र के हवाले से कहा, ''तूफानी परिस्थितियों में खतरनाक 'ड्रेक पैसेज' से गुजरते समय नौका बुरी तरह झुक गई थी। उस पर फिर से नियंत्रण पाने के लिए असाधारण कौशल और अत्यंत साहस की जरूरत थी। अभियान के दौरान वे नौका से 'प्वाइंट नेमो' यानी महासागर के सबसे दुर्गम बिंदु तक पहुंचने वाली पहली भारतीय भी बनीं।''सरकार द्वारा साझा की गई पुरस्कार विजेताओं की सूची के अनुसार, राष्ट्रीय राइफल्स के लांस नायक मीनाक्षी सुंदरम, पैरा (विशेष बल) के नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा, असम राइफल्स के मेजर अर्शदीप सिंह और पैरा (विशेष बल) के कैप्टन लालरीनावमा सैलो को भी कीर्ति चक्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय राइफल्स की महार रेजिमेंट के सिपाही जंजाल प्रवीण प्रभाकर और सिक्किम स्काउट्स के लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किया गया। ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान वीरता प्रदर्शित करने के लिए जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, 32 असम राइफल्स के मेजर अंशुल बाल्टू को शौर्य चक्र प्रदान किया। राष्ट्रपति ने 11 पैरा (विशेष बल) के मेजर लीशंगथेम दीपक सिंह को उनके असाधारण साहस के लिए शौर्य चक्र प्रदान किया। ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 19वीं बटालियन, सिख रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती शुक्ला को अपने किसी नुकसान के बिना सटीक अभियान की योजना बनाने और उसे अंजाम देने के लिए शौर्य चक्र प्रदान किया।

### सामाजिक सेवाओ मे अग्रणी रहकर रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने रचा इतिहास

## रायपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में संदीप असाटी, कमलजीत छाबड़ा सहित अनेक सम्मानों से सम्मानित हुआ क्लब..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा रायपुर में आयोजित 'आभार मित्रों का' थैंक्स गिविंग सेरेमनी एवं डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी में रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया। क्लब की इस उपलब्धि से समस्त रोटेरियनों एवं जिलेवासियों में हर्ष का वातावरण है।***

समारोह में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, सेवा कार्यों के प्रति समर्पण एवं क्लब द्वारा वर्ष भर किए गए उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए डायनामिक प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, वहीं रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल को जिला उत्कृष्टता पुरस्कार (मीडिया), जिला उत्कृष्टता पुरस्कार (स्प्लैश) तथा जिला उत्कृष्टता पुरस्कार (युवा सेवा) से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर रोटेरियन सी.ए. बलजीत सिंह छाबड़ा को युवाओं के नेतृत्व विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण हेतु आयोजित रोटरी की महत्वपूर्ण परियोजना रोटरी यूथ लीडरशिप अवाड्र्स (रायला) के सफल संचालन एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ रायला चेयरमैन अवार्ड प्रदान किया गया। इसी प्रकार पूर्व अध्यक्ष एवं क्लब मेंटर रोटेरियन कमलजीत सिंह छाबड़ा को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 में वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों, सेवा परियोजनाओं एवं जिला स्तरीय आयोजनों में उनके महत्वपूर्ण योगदान, नेतृत्व एवं सक्रिय सहभागिता के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर 2027-29 एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन वासुदेव गोलियान, नेपाल थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एडवोकेट रोटेरियन विवेक तन्खा, राज्यसभा सांसद रहे। यह सम्मान समारोह वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल एवं डिस्ट्रिक्ट फर्स्ट लेडी रोटेरियन पल्लवी जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके साथ ही पी.डी.जी. रोटेरियन राकेश चतुर्वेदी (रिटायर्ड प्रिंसिपल सी.सी.एफ, छत्तीसगढ़ शासन), पी.डी.जी. रोटेरियन एस.पी. चतुर्वेदी, पी.डी.जी. रोटेरियन सुभाष साहू, पी.डी.जी. रोटेरियन शशि वरवंडकर, पी.डी.जी.रोटेरियन राकेश दवे, पी.डी.जी. रोटेरियन मेजर दीपक मेहता एवं डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फैसिलिटेटर रोटेरियन पी.डी.जी. शशांक रस्तोगी, नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2026-27 रोटेरियन आलम सिंह रूपरा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी रोटेरियन भानु प्रताप सिंह चैधरी तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी डिजिग्नेट रोटेरियन नवीन भावसार की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और बढ़ाया।

### साहू एवं गांधी ने किया आभार व्यक्त..

क्लब के सचिव रोटेरियन आशीष साहू एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन राजेश गांधी ने क्लब के सभी सदस्यों का उनके अटूट विश्वास, सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा प्राप्त यह सम्मान प्रत्येक सदस्य की निष्ठा, समर्पण एवं टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सदस्यों के इसी प्रकार के सहयोग एवं विश्वास से रोटरी क्लब ऑफबालाघाट रॉयल भविष्य में भी नई उपलब्धियां प्राप्त करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करता रहेगा।

### यह रहे उपस्थित..

**इस भव्य समारोह में रोटरी क्लब ऑफबालाघाट रॉयल की ओर से अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी, क्लब मेंटर रोटेरियन कमलजीत सिंह छाबड़ा, रोटेरियन रवि सचदेव एवं रोटेरियन एडवोकेट विक्रम भूते उपस्थित रहे। समारोह में क्लब को प्राप्त सम्मान ग्रहण करते हुए सभी सदस्यों ने इसे संपूर्ण रॉयल परिवार की उपलब्धि बताया तथा भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। समारोह में प्राप्त इन सम्मानों को क्लब के सभी सदस्यों ने बालाघाट जिले के लिए गर्व का विषय बताया तथा भविष्य में भी रोटरी के आदर्शों के अनुरूप समाजहित में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।**



### बोले संदीप असाटी..

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि रोटरी क्लब ऑफबालाघाट रॉयल के प्रत्येक सदस्य की सामूहिक मेहनत, सेवा भावना, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा वर्षभर विभिन्न सामाजिक एवं मानवीय सेवा परियोजनाओं का संचालन किया गया, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जल सेवा, युवा सशक्तिकरण, रक्तदान, जरूरतमंदों की सहायता तथा विभिन्न जनहितैषी गतिविधियाँ शामिल रहीं। श्री असाटी ने रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व, प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं सतत सहयोग ने क्लब को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सदैव प्रेरित किया है। उन्होंने क्लब मेंटर रोटेरियन कमलजीत सिंह छाबड़ा का भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनका अनुभव, मार्गदर्शन एवं सहयोग क्लब को निरंतर प्राप्त होता रहा है।



### बोले कमलजीत सिंह छाबड़ा..

इस अवसर पर क्लब मेंटर रोटेरियन कमलजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफबालाघाट रॉयल ने सदैव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाजहित में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। क्लब को प्राप्त ये सम्मान प्रत्येक सदस्य के समर्पण, टीम भावना एवं सेवा कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि जब सभी सदस्य एक परिवार की तरह मिलकर कार्य करते हैं, तभी ऐसी उपलब्धियाँ प्राप्त होती हैं। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं एवं क्लब के समस्त सदस्यों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि रोटरी क्लब ऑफबालाघाट रॉयल भविष्य में भी सेवा, नेतृत्व एवं उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करता रहेगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।



### बोले बलजीत सिंह छाबड़ा..

सर्वश्रेष्ठ रायला चेयरमैन अवार्ड से सम्मानित रोटेरियन सी.ए. बलजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना रोटरी का प्रमुख उद्देश्य है। रायला के माध्यम से युवाओं को व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल एवं समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इस सम्मान को क्लब के सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं रायला आयोजन से जुड़े प्रत्येक साथी को समर्पित करते हुए कहा कि यह पुरस्कार सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी, क्लब मेंटर रोटेरियन कमलजीत सिंह छाबड़ा तथा समस्त रॉयल टीम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।









## मेरठ में इंस्टाग्राम पोस्ट पर मेटा के अलर्ट से बची युवक की जान, आठ मिनट में पहुंची पुलिस

**मेरठ, (भाषा)।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने दावा किया है कि मेटा और पुलिस के बीच विकसित समन्वय व्यवस्था के तहत मेरठ जिले में 25 वर्षीय एक युवक की जान बचाई गई। पुलिस के अनुसार, इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से संबंधित वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद मेटा की ओर से प्राप्त 'सुसाइडल अलर्ट' पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सरधना थाने की पुलिस महज आठ मिनट में युवक तक पहुंची और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा सोमवार को जारी बयान के अनुसार, सरधना क्षेत्र के निवासी युवक ने सात जून को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह सफेद रंग का एक तरल पदार्थ पीता दिखाई दे रहा था। वीडियो पर लिखा था, ÷अब तुम खुश रहना अपनी लाइफमें। पुलिस ने बताया कि शाम छह बजकर 53 मिनट पर मेटा ने इस पोस्ट के संबंध में पुलिस मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को 'सुसाइडल अलर्ट' भेजा। पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार सोशल मीडिया सेंटर ने उपलब्ध मोबाइल नंबर और लोकेशन के आधार पर तत्काल मेरठ पुलिस को सूचना दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सरधना थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक के घर पहुंचकर उसकी तलाश की। मौके पर उसकी हालत गंभीर पाई गई। उसके पास एक संदिग्ध तरल पदार्थ की शीशी भी मिली। पुलिसकर्मियों ने परिजनों की सहायता से युवक को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य हो गई। पूछताछ में युवक ने बताया कि प्रेम संबंध टूटने के कारण वह मानसिक तनाव और अवसाद से गुजर रहा था, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# श्री श्याम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 15 जून से 17 जून तक..

**अनेक जजमान एवं कलाकारों द्वारा दी जाएगी प्रस्तुति**



जगप्रेरणा सिवनी।

*श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार का भाव प्रमाण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 15 जून से 17 जून तक श्री श्याम मंदिर ऑरेंज सिटी गुरुकुल स्कूल के सामने नागपुर रोड सिवनी में आयोजित किया गया है*

इस संबंध में समिति के प्रमुख सत्यनारायण अग्रवाल मनीष अग्रवाल प्रकाश अग्रवाल संजय मोदी गुड्डा अग्रवाल रतुल अग्रवाल गंगाधर पाराशर पवन अग्रवाल लखन अग्रवाल विकास अग्रवाल विशाल ईश्वर का दीपक अग्रवाल कान्हा अग्रवाल मनु मोदी की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें 15 जून को प्रातः गणेश गौरी पूजन जल दिवस सुगंधितवास हवन पूजन संगीत में सुंदरकांड पुष्पा दिवस एवं शाम को भजन संध्या भव्य श्रृंगार भव्य दरबार श्याम रसोई रखी गई है इसी तरह 16 जून को प्रातः 10:00 बजे अन्ना दिवस फ्लादिवस हवन पूजन कलश एवं निशांत यात्रा दोपहर 4:00 से निकाली जावेगी शाम 7:00 से भजन संध्या जलवा मेरे श्याम का एवं श्याम रसोई का आयोजन किया गया है भजन गायक नजफगढ़ श्री बंटू भैया एवं नागपुर के श्याम शुभम जी की उपस्थिति में आयोजित किया गया है 17 जून को प्रातः नित्य देवता पूजन महाभिषेक शिखर कलश एवं कीर्ति स्तंभ स्थापना प्राण प्रतिष्ठा हवन पूजन पूर्ण होती छप्पन भोग एवं दोपहर 1:00 बजे से भक्ति में नृत्य प्रस्तुति शाम 5:00 बजे से अरदास नरेश से भजन संध्या पुष्प वर्षा अमृत में श्याम रसोई का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति ने बताया कि यह मंदिर अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण है अक्सर लोग सिवनी में कोई तीर्थ अथवा पर्यटन स्थल को लेकर निराशा रहते थे उनके लिए यह तीर्थ उनकी इच्छा को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा मंदिर का निर्माण करीब एक एकड़ भूमि पर अनुमानित 4 से 5 करोड़ लागत से किया जा रहा है इस मंदिर के निर्माण से पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा है लोहे का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा क्योंकि पत्थर से बने मंदिरों की आयु हजारों वर्ष होती है इसलिए मंदिर का निर्माण राजस्थान से ले सुंदर गुलाबी पत्थर सुंदर नक्काशी के द्वारा किया जा रहा है इस मंदिर में।

खाटू श्याम जी के अलावा शिव परिवार वीर बालाजी महाराज रानी सती दादी जी एवं राधा कृष्ण जी की प्रतिमाएं भी स्थापित की जावेगी मंदिर के साथ ही गौशाला आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा कक्ष ध्यान केंद्र लाइब्रेरी बच्चों के खेलने के लिए सुंदर गार्डन भजन सत्संग हेतु हाल भोजन प्रसादी कक्षा प्रतिदिन पूजन अर्चन करने वाले पंडितों के आवास हेतु कक्षा भी स्थापित किए जाएंगे इस मध्य भारत का विशाल आकर्षक एवं सुसज्जित मंदिर बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें आप सभी भक्तजनों का तन मन धन से सहयोग अपेक्षित है।

# अनियमितताओं के बीच बन रहा जेवनारा से पां. छपारा का पुल..




जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली के अंतिम सीमा क्षेत्र पर स्थित पां. छपारा क्षेत्र इस क्षेत्र के अंतर्गत 12 ग्राम पंचायत का समावेश है*

, कैपिटल पां. छपारा जहां पर अस्पताल, डाकघर, बिजली विभाग,वन विभाग और हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्रामीण बैंक, साप्ताहिक बैठकी बाजार आदि सुविधाएं लगभग हैं, अतः इसके आसपास के ग्रामीण अंचलों को पां. छपारा बाजार का ही रुख करना पड़ता है। पांडिया छपारा से निकट ग्राम पंचायत जेवनारा के मध्य प्रवाहित बघेड़ा नाला जो विगत एक दो वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी के सड़क मार्ग पर स्थित पुलिया पानी के कटाव और तीव्र बहाव की वजह से बह जाने के कारण उच्च स्तरीय पुल माननीय पूर्व विधायक साहब की अनुशंसा पर स्वीकृत किया गया है। यह कितनी राशी से इसका निर्माण कार्य हो रहा है, इसका उल्लेख ना ही कार्य प्रारंभ की तिथी ना ही निर्माण की अंतिम तिथी का उल्लेख है। जिसका निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरणों की ओर अग्रसर है, अभी तीन- चार दिवस पूर्व क्षेत्रिय संवाददाताओं ने इस पुल का निरीक्षण किया तो यहां पर लोहा बांधने का कार्य तीव्र गति से चल रहा था,उपस्थित मजदूरों से पूछने पर पता चला कि ना कोई साइड इंजीनियर मौके पर उपस्थित रहते हैं,ना ही कोई सुपरवाइजर इतना ही नहीं भीषण गर्मी में ना इस पुल की तराई ढंग से हो रही है, प्राप्त जानकारी के अनुसार नाला क्षेत्र से ही रेत का इस्तेमाल करके ठेकेदार रॉयल्टी रेत के बिल लगाकर निम्न स्तर की पुलिया निर्माण करते नजर आ रहे हैं,

सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार के कोई कार्य प्रगति पर है, स्लोगन वाले बोर्ड चिन्हित नहीं है, भीषण गर्मी और जल संकट के मध्य मात्र एक छोटा सा पानी के टैंकर के सहारे से इस उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जानकारी के अनुसार बालाघाट जिले की लामता निवासी आशीष जायसवाल इनकी प्राइवेट कंपनी जायसवाल कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी में इस पुल का ठेका जायसवाल कंस्ट्रक्शन को दे दिया है, जिनमें एक साइड सुपरवाइजर से इस संदर्भ में पूछ गया तो उन्होंने बताया कि उगली के निकट ग्राम मोहबर्रा और सारसडोल के मध्य भी एक पुलिया का निर्माण कार्य हो रहा है। अतः में दोनों पुलियों का निरीक्षण करता हूं, वर्तमान में अभी इंचार्ज में ही हूं लेकिन मोहबर्रा सारसडोल पुलिया और पां. छपारा से जेवनारा के मध्य उच्च स्तरिय पुल में इस्तेमाल होने वाले वही के लोकल नाला क्षेत्र से डस्ट वाली रेत का इस्तेमाल कर निम्न गुणवत्ता के साथ पुलों का निर्माण कार्य जारी है।

# कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई: 1 घंटे में 2 लापता बच्चे सकुशल दस्तयाब



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्णा लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर लापता हुए दो बच्चों को एक घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब किया।

दिनांक 07.06.2026 को शाम 05:00 बजे सूचनाकर्ता विनोद साहू, निवासी आजाद वार्ड सिवनी, ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके 05 वर्षीय पुत्री एवं 03 वर्षीय पुत्र शाम 05:00 बजे घर से लापता हो गए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा तत्काल टीम गठित कर चीता स्टाफएवं थाना स्टाफको बच्चों की तलाश में लगाया गया। सघन तलाश एवं पतासाजी के परिणामस्वरूप दोनों बच्चों को लगभग 01 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

परिजनों ने बच्चों की त्वरित एवं सुरक्षित बरामदगी पर सिवनी पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# बिना वैध परमिट के संचालित बस पर 10,000 का जुर्माना..



## सिवनी यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई..

जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला यातायात पुलिस सिवनी द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में बस स्टैंड के बाहर सड़क पर लापरवाही पूर्वक खड़ी कर सवारी भर रही बस क्रमांक **MP51P0139** को थाना प्रभारी यातायात द्वारा रोका गया। दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि उक्त बस के पास कोई वैध परमिट नहीं है।

बिना वैध परमिट के सवारी परिवहन को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी यातायात द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। नियम विरुद्ध संचालित उक्त बस पर 10,000 (दस हजार रुपये) का जुर्माना अधिरोपित कर मौके पर ही समन शुल्क वसूल किया गया।

## कार्रवाई में शामिल स्टाफ

सहायक उप निरीक्षक नानकराम पाल, आरक्षक राजेश सरयाम, आरक्षक चालक पंकज शर्मा।

# जूते-चप्पल की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

जगप्रेरणा सिवनी।

जिले के भीमगढ़ चौकी क्षेत्र की भीमगढ़ कॉलोनी में रविवार देर रात जूते-चप्पल की दुकान में भीषण आग लग गई। आग में दुकान का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की अन्य दुकानें और मकान सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात स्थानीय निवासियों ने भीमगढ़ कॉलोनी स्थित दुकान से धुआं और आग की लपटें उठते देखीं। आग की भयावहता को देखते हुए उन्होंने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही भीमगढ़ चौकी पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने भी अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती रही।

## दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया..

दमकल कर्मियों ने कुछ ही देर में मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दुकान के भीतर रखा अधिकांश सामान जल चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहींचल सका है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नुकसान का आकलन भी किया जा रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता तो इसकी चपेट में आसपास की अन्य दुकानें और रिहायशी मकान भी आ सकते थे, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। आग की घटना के बाद देर रात तक क्षेत्र में लोगों कीभीड़ जमा रही और वे स्थिति पर नजर बनाए रहे।

पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर घटना की जांच शुरू कर दी है। नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है। प्रशासन आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटा है। इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है।

# 'अपराधियों में दहशत': सिवनी पुलिस की रातभर कॉम्बिंग गश्त, 138 पुलिसकर्मियों ने कसा शिकंजा..




## एक ही रात्रि 77 वारंटी किए गिरफ्तार..

जगप्रेरणा सिवनी।

जिले में अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 06-07 जून 2026 की मध्यरात्रि जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। इस सघन अभियान में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं थाना स्तर के पुलिस बल सहित कुल 138 से अधिक पुलिसकर्मी मैदान में उतरे। गश्त का मुख्य उद्देश्य सक्रिय बदमाशों, जेल से रिहा अपराधियों, निगरानीशुदा बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर दबिश देकर उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखना तथा आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करना था।

## अभियान के दौरान हुई प्रमुख कार्यवाहियाँ

32 स्थायी वारंटी एवं 45 गिरफ्तारी वारंट तामील कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। 51 निगरानी बदमाशों की चेकिंग कर उनके क्रिया-कलापों का सत्यापन किया गया। 56 गुण्डा/हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के ठिकानों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई एवं उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

साथ ही, गुण्डा एवं हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर को अद्यतन कर बदमाशों पर सतत निगरानी रखने की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के सघन अभियान निरंतर जारी रहेंगे। आमजन से अपील है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से आठ वर्षीय बालक की मौत

जगप्रेरणा सिवनी।

जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के ग्राम सेलवाड़ा में सोमवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। यह घटना ईंट भराई के दौरान हुई, जब बालक ट्रॉली की चपेट में आ गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 9 बजे ग्राम सेलवाड़ा में निर्माण कार्य के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंटें भरी जा रही थीं। इसी दौरान किसी कारणवश ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक पलट गई।

पास में मौजूद 8 वर्षीय बालक अरुण मारवी, पुत्र दुर्ग मरावी, ट्रॉली की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि बालक को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना किंदरई थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेजा, जहां पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया गया।

किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। टीम हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# भारतीय सेना में चयनित एनसीसी कैडेट्स एवं अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे सैनिक का महाविद्यालय में भव्य स्वागत..

जगप्रेरणा सिवनी।

*प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस पी जी कॉलेज सिवनी के लिए गर्व एवं गौरव का अवसर उस समय उपस्थित हुआ जब राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट हर्षित बघेल का अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा सूरज चौहान का अग्निवीर टेक्निकल पद पर भारतीय सेना*

में चयन होने पर एवं एनसीसी कैडेट राजाराम के सफलतापूर्वक अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर सैनिक के रूप में महाविद्यालय आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में क्षेत्रीय विधायक दिनेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय बाबा पाण्डेय ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान चयनित एवं प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे कैडेट्स का पुष्पमालाओं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। उपस्थित अतिथियों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन, दृढ़ संकल्प एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है तथा इन कैडेट्स की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

विधायक दिनेश राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण एवं अंचल क्षेत्र के युवाओं का भारतीय सेना में चयन होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा करना केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प है। उन्होंने चयनित कैडेट्स एवं उनके परिवारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अजय बाबा पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगातार विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त की जा रही हैं, जिनमें एनसीसी कैडेट्स की सफलताएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन कैडेट्स से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एनसीसी इकाई के अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक के मार्गदर्शन व 24 एमपी बटालियन छिंदवाड़ा के प्रयासों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास हो रहा है।

उन्होंने चयनित कैडेट्स एवं अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे सैनिक राजाराम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस अवसर पर इन कैडेट्स के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

समस्त स्टॉफ ने कैडेट्स की लगन, परिश्रम एवं समर्पण की प्रशंसा की। कहा कि हर्षित बघेल एवं सूरज चौहान ने नियमित प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारतीय सेना में स्थान प्राप्त किया है, जबकि राजाराम ने सफलतापूर्वक अग्निवीर प्रशिक्षण पूर्ण कर राष्ट्रसेवा के मार्ग पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

समारोह के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कैडेट्स का अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति एवं गौरव का वातावरण बना रहा। अंत में सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने तीनों कैडेट्स को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल सैन्य जीवन की कामना की।

महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा सैनिक भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान कर राष्ट्र, प्रदेश, जिले एवं अपने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट ऑफिसर के सी राउर ने किया।

# आज भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि मनाऐगी कांग्रेस..

जगप्रेरणा सिवनी।

*ब्रिटिश शासन के विरूद्ध आंदोलन का विगुल फूंकने वाले एवं उलगुलान के माध्यम से आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए शहादत देने वाले क्रांति सूर्य भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि दिनांक*

09 जून 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे इंदिरा भवन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सिवनी में मनायी जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला, नगर ब्लॉक कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस जन, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी, सभी मोर्चा संगठन महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल एवं जिला एनएसयुआई, विभाग, प्रकोष्ठो के अध्यक्ष, पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पदाधिकारी, मंडलम कांग्रेस के अध्यक्ष, पदाधिकारियों व समस्त कांग्रेस जनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अपने साथियों सहित उपस्थिति हेतु अपील की है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मंगलवार 09 जून 2026






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


### टीएल बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर

## कलेक्टर मृणाल मीना ने विशेष अभियान और जन कल्याणकारी योजनाओं पर दिया गया जोर



जगप्रेरणा बालाघाट।

***08 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय-सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।***

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में 05 जून से 21 जून तक केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा की गई। जनपद पंचायतों के सीईओ और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को 12 से 18 जून के बीच प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इन शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी, वीबी-जी-रामजी सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

### प्राकृतिक खेती और योग दिवस की तैयारियों पर जोर

कलेक्टर श्री मीना ने उप संचालक कृषि को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 और 20 जून को जिले में दो स्थानों पर कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं अनुभवी किसानों की सहभागिता से कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। इन कार्यशालाओं में प्रदर्शन एवं व्याख्यान के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी विकासखंडों एवं नगरीय निकायों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया।

अभियान के तहत पीपल, आम, बरगद और नीम जैसे पौधों का रोपण कर उनकी जानकारी माय लाइफएप पर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए।

### बंद खदानों और दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा के निर्देश

बैठक में उप संचालक खनिज को जिले की बंद पड़ी खदानों के चारों ओर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए गए, ताकि वर्षा ऋतु में उनमें एकत्रित पानी के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में नदियों और झरनों के दुर्घटना संभावित स्थलों पर भी इसी प्रकार सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। वहीं एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को झूलते हुए बिजली के तारों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

### जर्जर स्कूल भवनों के सुधार और ईंधन उपलब्धता पर निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को जिले के जर्जर स्कूल भवनों और क्षतिग्रस्त छतों के सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान स्कूलों में छत से पानी टपकने जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को किसानों को डीजल और पेट्रोल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करने को कहा गया।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग और स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अधिक से अधिक भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही शासकीय भवनों में भी यह व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना एवं मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

### सीएम हेल्पलाइन, राजस्व और ई-ऑफिस कार्यों पर विशेष फोकस

बैठक के अंत में अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। राजस्व अधिकारियों को समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के रकबे का सत्यापन शीघ्र पूरा करने को कहा गया। साथ ही सभी विभागों को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से अधिकतम कार्य करने तथा फाइलों का आदान-प्रदान डिजिटल माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए।

## आप नेता मनोज पमनानी ने झुग्गीवासियों की मांगो के लिये लगाया कलेक्ट्रेट गेट पर ताला..

### प्रशासन ने पमनानी पर किया मामला दर्ज, बारिश तक दी जा सकती है झुग्गीवासियों को मोहलत - बोले एसडीएम गोपाल सोनी



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट के सिविल लाईन में आकाशवाणी के बाजू में तथा सहकारी दुग्ध डेयरी के सामने निवासरत झुग्गीवासियों के अतिक्रमण को हटाने तथा वहां पर तहसील कार्यालय बनाने के लिये प्रस्ताव निरंतर लंबित होता चला जा रहा है। विगत दिनों एसडीएम गोपाल सोनी के नेतृत्व में प्रशासनिक***

टीम अतिक्रमण हटाने के लिये पहुंची थी, लेकिन झुग्गीवासी जेसीबी मशीन के सामने डट गए थे, जबकि वहीं वृद्ध महिला भरी धुप में जेसीबी के सामने सो गई थी। इसके बाद प्रशासन ने उन झुग्गीवासियों को सोमवार तक मोहलत दी थी, और इसके बाद आज 08 जून को कार्यवाही की जानी थी। ट्रेलेकिन इससे पहले की झुग्गीवासियों का अतिक्रमण हटाने के लिये प्रशासनिक अमला पहुंचता, झुग्गीवासियों की टीम आम आदमी पार्टी नेता मनोज पमनानी के नेतृत्व में 08 महीने की मोहलत की मांग को लेकर कलेक्ट्रट पहुंच गई, इस दौरान कलेक्ट्रेट के गेट के सामने झुग्गीवासियों ने धरना आंदोलन करते हुए गेट पर ताला लगा दिया। इसी बीच जब आंदोलन की जानकोरी एसडीएम गोपाल सोनी को मिली, तो वे तत्काल कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने झुग्गीवासियों को समझाने और अतिक्रमण हटाने के लिये फिर एक बार समझाईश दी, जिस पर मनोज पमनानी ने एसडीएम गोपाल सोनी ने आक्रोशपूर्वक लहजे में दृढ़ता दिखाते हुए बहस करने का प्रयास किया, तो वहीं झुग्गीवासियों को 08 माह तक मोहलत देने की भी बात कही। ऐसा एक वीडियो भी वायरल हुआ, हांलांकि इस मामले में एसडीएम गोपाल सोनी ने शांतिपूर्ण ढंग से समझाईश दी, लेकिन जानकारी के अनुसार आप नेता मनोज पमनानी द्वारा कलेक्ट्रेट गेट पर ताला लगाने के कार्य से कलेक्टर मृणाल मीना के आदेश पर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश का मामला दर्ज करने की बात सामने आई है।

### बोले एसडीएम गोपाल सोनी..

एसडीएम गोपाल सोनी ने जगप्रेरणा को बताया कि प्रस्तावित तहसील कार्यालय के भवन की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कारियों को हटाने के लिये पिछले 9 महीने से निरंतर अनेक अवसर प्रदान किये जा चुके हैं, तथा एक बार फिर उन्हें बारिश तक अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी जा सकती है। एसडीएम गोपाल सोनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी नेता मनोज पमनानी का रवैया आपत्तिजनक था, जिस पर कार्यवाही की जा रही है। श्री सोनी ने यह भी कहा कि झुग्गीवासियों को अतिक्रमण हटाने के लिये एक अंतिम अवसर दिये जाने के संदर्भ में अंतिम फैसला कलेक्टर साहब लेंगे।

## बालाघाट पेट्रोल पंप एसोसिएशन के गुलाब सिंह उईके बने अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले के पेट्रोल पंप संचालकों के संगठन बालाघाट पेट्रोल पंप एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक मल्लिकार्जुन परिसर में आयोजित की गई। बैठक में पेट्रोलियम व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों***

पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री गुलाब सिंह उईके को आगामी दो वर्षों के लिए जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही संगठन के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की भी घोषणा की गई।

नई कार्यकारिणी में श्री मोनू खंडेलवाल, श्री अशोक मंडलेकर एवं श्री विकास हजारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। श्री द्रोण कुमार डोंगरे को सचिव एवं कोषाध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है। वहीं श्री चैनसिंह बैस एवं मो. अब्दुल कादिर को सह-सचिव नियुक्त किया गया है। संगठन के मीडिया प्रभारी के रूप में श्री शुभम चौहान तथा सह मीडिया प्रभारी के रूप में श्री पारस मसकर को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी सदस्यों में श्री विनयचंद्र जैसवाल, श्री शिवम मचिया, श्री मुकेश बहेटवार, श्री नवीन उहारे एवं श्री भगवानसिंह नगपुरे को शामिल किया गया है। इसके अलावा संगठन के मार्गदर्शन हेतु संरक्षक मंडल का गठन किया गया है, जिसमें श्री अशोक बजाज, श्री अमर नरडे, श्री मनमधिल खंडेलवाल, श्री सुशील बांठिया एवं श्री चित्रजन मचिया को शामिल किया गया है। वहीं श्रीमती ममता सिरसाम को संगठन का लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन की मजबूती, पेट्रोलियम व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी के गठन पर सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के उज्वल भविष्य की कामना की।

## रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण के साथ किया गया खिलाड़ियों का सम्मान

### मोटिवेशन कार्यक्रम के तहत किया गया मार्गदर्शन..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन एवं रक्षिका सेल्फ डिफेंस कराटे अकादमी के तत्वावधान में पर्यावरण दिवस एवं बाल सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रन फन फेस्टिवल के विभिन्न खेल एवं जागरूकता गतिविधियों के प्रतिभागियों***

का पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय बालाघाट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालाघाट के डीएसपी संतोष पटेल की गरिमामय में उपस्थिति में सर्वप्रथम पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में एमएलबी स्कूल के प्राचार्य मनोज पांडेय, जिला समन्वयक सुशील बर्मन, गणेश अग्रवाल, फुटबॉल संघ, दीपक जैन समाजसेवी, चैनेंद्र कटरे आइटीबीपी ऑफिसर, श्री राम घरते एवं सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रभक्ति एवं संस्कारों के संदेश को भी आत्मसात किया गया। रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन एवं रक्षिका सेल्फ डिफेंस कराटे अकादमी का नेतृत्व कर रहीं श्रीमती जयश्री प्रकाश सोनवाने ने अपने उद्बोधन में बच्चों की सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कराटे खिलाड़ियों का प्रभावशाली डेमोंसट्रेशन दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाघाट के सम्माननीय डीएसपी श्री संतोष पटेल जी रहे। उन्होंने उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के संघर्षों और कठिन परिस्थितियों से सफलता तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। डीएसपी श्री पटेल ने बच्चों को अपने माता-पिता का सम्मान करने एवं उनकी सच्चे मन से सेवा करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि माता-पिता हमारे जीवन के प्रथम गुरु होते हैं और उनकी सेवा एवं सम्मान से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उनके प्रेरणादायक विचारों ने उपस्थित बच्चों के मन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। प्राचार्य डॉक्टर मनोज जैन ने विजेता खिलाड़ी बच्चों को शुभकामनाएं खेलों का महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय करिते विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र ,मेडल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वेदांत सोनी व जितेंद्र नागपुरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल आयोजन में अध्यक्ष श्रीमती जयश्री सोनवाने, सचिव अनसूईया बाजनघाटे, दामिनी बाहेश्वर, सोनाली कोलते, आशु पवार, सुहासिनी तरवरे, साइना बेग,ललित ठाकरे, राकेश सरवरे, तिलक नागपुरे एवं सभी कराटे खिलाड़ियों का सहयोग रहा।

## सीआरपीएफ जवानों ने विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली निकालकर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश





जगप्रेरणा बालाघाट।

विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर 123वीं बटालियन सीआरपीएफ भरवेली द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का संदेश दिया।

साइकिल रैली का शुभारंभ कमांडेंट हजारी लाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान कमांडेंट हजारी लाल ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य साइकिल को एक सरल, सुलभ, किफायती और पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन के रूप में बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि साइकिल का नियमित उपयोग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि वायु प्रदूषण, यातायात का दबाव और ईंधन की खपत कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। ऐसे में साइकिल एक प्रभावी और व्यवहारिक विकल्प के रूप में उभर रही है, जो स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छ पर्यावरण दोनों को बढ़ावा देती है। रैली के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ समाज और सतत विकास के लिए साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। साथ ही आम नागरिकों से भी छोटी दूरी की यात्राओं के लिए साइकिल को प्राथमिकता देने और हरित भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधायक मधु भगत ने लिया भाग

## कांग्रेस एकजुट, मीनाक्षी नटराजन की जीत सुनिश्चित : विधायक मधु भगत





जगप्रेरणा बालाघाट।
***आगामी 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राजधानी भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,***

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघार हित पार्टी के सभी विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी उपस्थित रहे और चुनावी रणनीति पर आयोजित चर्चा में सक्रिय सहभागिता निभाई।

बैठक के दौरान राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति, विधायकों की भूमिका तथा संगठनात्मक एकजुटता पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस नेतृत्व ने सभी विधायकों से समन्वय बनाए रखते हुए पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पूरी मजबूती और एकता के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है तथा पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि संगठन के निर्णय के साथ मजबूती से खड़े हैं।

बैठक के बाद विधायक मधु भगत ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह संगठित और एकजुट है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर कांग्रेस विधायकों की छवि को संदिग्ध बनाने तथा भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक तत्व जानबूझकर ऐसी चर्चाओं को हवा दे रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। कांग्रेस के सभी विधायक पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्ध हैं तथा राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं।

विधायक भगत ने कहा कि कांग्रेस के पास अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पर्याप्त संख्या बल मौजूद है। पार्टी के भीतर किसी प्रकार का मतभेद नहीं है और सभी विधायक एकजुट होकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के मार्गदर्शन में चुनावी रणनीति तैयार की गई है और पार्टी का प्रत्येक विधायक उसे सफल बनाने के लिए कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और अटकलों का कोई आधार नहीं है। कांग्रेस संगठन मजबूत है और उसके जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के निर्णयों का पालन कर रहे हैं। विधायक मधु भगत ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन की जीत निश्चित है और उन्हें राज्यसभा सदस्य बनने से कोई नहीं रोक सकता।

राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही इस बैठक ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कांग्रेस राज्यसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। पार्टी नेतृत्व और विधायकों के बीच हुई विस्तृत चर्चा के बाद संगठनात्मक एकजुटता का संदेश भी सामने आया है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी अपनी ताकत का प्रभावी प्रदर्शन करेगी और प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन को विजयी बनाकर प्रदेश की आवाज को उच्च सदन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। विधायक मधु भगत सोमवार को उम्मीदवार नटराजन के नामांकन के समय भी उनके साथ मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों का सम्मान एवं विदाई समारोह सम्पन्न







जगप्रेरणा लालबर्रा।
***शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के विद्यार्थियों द्वारा वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह एवं परामर्शदाताओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक सुशील बर्मन, विकासखंड समन्वयक बेजन्ति कटरे, नवांकुर संस्था के पदाधिकारी, परामर्शदाता तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विकासखंड समन्वयक ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था प्रमुख चैनलाल चौधरी, जन चेतना समिति के प्रमुख चंद्रकुमार बसेने, मुकेश कुमार ज्ञानेश्वर, पुष्पा नागेश्वर एवं अन्य मेंटर्स ने सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके साथ किए गए कार्यों के अनुभव साझा किए।

जिला समन्वयक सुशील बर्मन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा का क्षेत्र केवल एक शैक्षणिक पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा हमें यह सिखाती है कि जीवन का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख, सुविधा और सम्मान पहुंचाना भी है।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट फील्डवर्क करने वाले तथा नियमित उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। समारोह में गीत-संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में परामर्शदाता दामेंद्र प्रसाद हरिनखेड़े, प्रेमबती उइके, निकेता गोयल, महेंद्र कटरे, रितु, इंटर्न उलेश कटरे सहित सीएमसीएलडीपी के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक सुशील बर्मन ने 15 जून से प्रारंभ होने वाली वार्षिक परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सुनियोजित तैयारी करने का आह्वान किया।

# आरोह-2026 कराते शिविर का समापन, 119 खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण..





जगप्रेरणा बालाघाट।
***खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह-2026 कराते ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन जिला मुख्यालय बालाघाट में हुआ। जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व में एक माह तक चले इस***

शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विभिन्न विकासखंडों के खेल मैदानों में किया गया। मुलना स्टेडियम स्थित जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में विभागीय कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन के मार्गदर्शन में संचालित शिविर में कुल 119 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऑनलाइन पंजीयन के आधार पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में नवागत और वरिष्ठ खिलाड़ियों को कराते का प्रशिक्षण दिया गया। विशेष बात यह रही कि शिविर में बालकों की अपेक्षा बालिकाओं की भागीदारी अधिक रही।

जिला कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि आत्मरक्षात्मक खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कराते जैसे खेल बालिकाओं और युवतियों को विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने की क्षमता विकसित करने में मदद करते हैं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए युवाओं से मोबाइल और नशे की आदतों से दूर रहने तथा खेल गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए कराते जैसे खेल सीखने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के आग्रह पर विधायक श्रीमती मुंजारे ने सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ सामूहिक छायाचित्र खिंचवाया। इस दौरान खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने उनका आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, अहिल्या कन्हार क्लब के सचिव शैलेंद्र यादव, खेल विभाग कार्यालय प्रभारी योगेंद्र पटले, केदारनाथ ठाकरे, धीरज डोंगरे, समस्त युवा ब्लॉक समन्वयक एवं विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आईटीआई चलें अभियान 2026, जिले की आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू..

## 30 जून तक किया सकेगा ऑनलाइन पंजीयन

जगप्रेरणा बालाघाट।
***कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित जिले की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 'आईटीआई चलें अभियान-2026' के तहत इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन कर सकते हैं।***

जिले की आईटीआई संस्थाएं पिछले पांच दशकों से औद्योगिक एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं।

प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालाघाट ने बताया कि जिले की आईटीआई संस्थाओं में 18 से अधिक एनसीवीटी मान्यता प्राप्त व्यवसायों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया 26 मई 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जबकि च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट स्र्ह्यस्र.द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ तथा द्बश्चद्बह्लद्बष्शह्वठ्ठह्यद्गद्यद्बठ्ठद्द.ष्श.द्बठ्ठ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी स्वयं अथवा ऑनलाइन सहायता केंद्रों की मदद से पंजीयन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है।

आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं का मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी, आधार एवं समग्र आईडी, शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने होंगे। अधिकांश व्यवसायों के लिए 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जबकि वेल्डर, वुड वर्क टेक्निशियन (कारपेंटर), स्विइंग टेक्नोलॉजी एवं मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर) जैसे कुछ व्यवसायों के लिए 8वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

प्रवेश संबंधी किसी भी जानकारी के लिए संस्था द्वारा हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है, जहां प्रवेश अधिकारी श्री भरत नेवारे मो.नं. 8349352899, प्रवेश प्रभारी आर.सी. कावरें मो.नं. 9302740754, एस.के. गनवीर मो.नं. 9981090657, हेल्प डेस्क प्रभारी कार्तिक गिरी गोस्वामी मो. नं. 6261106638, जगदीश मेश्राम मो.न. 7987536368, कृष्णा कुमार पारधी मो.नं. 8962302595, श्रीमति ज्योति ठाकरे मो. नं. 8770531416, श्रीरंग जोशी, मो. नं. 9340767407 तथा प्रकाश सोनकर मो. नं. 6263556362 से अभ्यर्थी सीधे संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लालबर्रा महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण



जगप्रेरणा लालबर्रा।
शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान के द्वितीय दिवस के अवसर पर व्यापक स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा के निर्देशन में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। परिसर में फैले कचरे एवं प्लास्टिक सामग्री को एकत्रित कर उनका उचित निस्तारण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषणमुक्त बनाना तथा विद्यार्थियों और कर्मचारियों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।

अभियान को सफल बनाने में डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे, श्री नरेश सौलाखे, श्रीमती भूमेश्वरी ठाकरे, श्रीमती संध्या भलावे, डॉ. आशा कारे, डॉ. आरती विश्वकर्मा, श्री दीपक अहिरवार, श्री यादो राव राजुरकर, श्री व्यंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐड़े, श्री रामदयाल मथारे, श्री लकेश गेडाम, श्री पीतम मुरते, श्रीमती वंदना कुर्वे, श्री मिनेष पंचेश्वर, श्री प्रशिक हुमनेकर, श्री निशांत तलवरे तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनाओं से किसानों को मिल रहा संबल

जगप्रेरणा बालाघाट।
जिले के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना आर्थिक सहायता का महत्वपूर्ण आधार बन गई हैं। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी की आवश्यकताओं के लिए समय पर आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है।

जिले में वर्तमान में 03 लाख 42 हजार 291 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि 03 लाख 25 हजार 418 किसान मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। दोनों योजनाओं के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 06-06 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

किसानों का कहना है कि योजनाओं से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग वे खाद, बीज, उर्वरक, कीटनाशक दवाओं एवं खेती से जुड़ी अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में कर रहे हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि सीधे खाते में पहुंचने से किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिल रही है तथा खेती के लिए अब उन्हें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

इन योजनाओं ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ कृषि कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

# आहार अनुदान योजना से बैगा महिलाओं को मिल रहा पोषण का संबल

## जिले की 5911 महिलाओं को हर माह मिल रहे 1500 रुपए

जगप्रेरणा बालाघाट।
***प्रदेश सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित आहार अनुदान योजना जिले की बैगा महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सहारा साबित हो रही है। इस योजना के तहत बैगा, भारिया एवं सहरिया***

जनजाति की मुखिया महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, ताकि परिवारों में महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाया जा सके। बालाघाट जिले में वर्तमान में बैगा जनजाति की 5911 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। योजना के माध्यम से इन महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह सीधे आर्थिक सहायता राशि जमा की जाती है, जिससे वे अपने परिवार के लिए पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकें। इससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने के साथ-साथ परिवारों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में बड़ी संख्या में बैगा जनजाति की महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं।

इनमें बिरसा विकासखंड की 2388, बैहर की 1952, परसवाड़ा की 770, लांजी की 292, बालाघाट की 222, वारासिवनी की 213, किरनापुर की 45 तथा लालबर्रा विकासखंड की 29 मुखिया महिलाओं को हर माह 1500 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले की कुल 5911 लाभार्थी महिलाओं को प्रतिमाह 88 लाख 66 हजार 500 रुपये की राशि वितरित की जा रही है। यह सहायता राशि महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से दी जा रही है।

योजना के प्रभाव से विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों में पौष्टिक आहार की उपलब्धता बढ़ी है तथा महिलाओं में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिला है। प्रदेश सरकार की यह पहल विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण एवं पोषण सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आहार अनुदान योजना के माध्यम से न केवल महिलाओं को आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि उनके परिवारों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को भी मजबूती मिल रही है।





जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार

मंगलवार 09 जून 2026





दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297




## जे-फार्म ऐप और सुपर सीडर से बदली खेती की तस्वीर, टकाड़ी-म के किसान फत्तेराज क्षीरसागर बने मिसाल..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर जिले के किसान खेती को अधिक लाभकारी और आसान बना रहे हैं। कटंगी विकासखंड के ग्राम टेकाड़ी-म के प्रगतिशील कृषक फत्तेराज क्षीरसागर इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं।***

उन्होंने 5.5 एकड़ भूमि में डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति से सुपर सीडर मशीन के माध्यम से धान की बुवाई कर नवाचार की नई मिसाल पेश की है।

फत्तेराज क्षीरसागर ने बताया कि उन्होंने कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए विकसित जे-फार्म ऐप पर अपना पंजीयन कराया और सुपर सीडर मशीन की बुकिंग ऑनलाइन की। ऐप के माध्यम से प्राप्त बुकिंग को मशीन मालिक ने स्वीकृत किया, जिसके बाद निर्धारित समय पर मशीन उनके खेत तक पहुंच गई और धान की बुवाई का कार्य तेजी से पूरा हो गया। कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री वंदना धुर्वे सुपर सीडर से धान की बोनी के समय मौजूद रहकर मार्गदर्शन देती रहीं। परंपरागत धान रोपाई की तुलना में डीएसआर पद्धति से बुवाई करने पर उन्हें मजदूरी और अन्य कृषि कार्यों में काफी बचत हुई। जहां पहले रोपाई के लिए अधिक श्रमिकों और समय की आवश्यकता होती थी, वहीं सुपर सीडर मशीन की मदद से कम समय में पूरे 5.5 एकड़ क्षेत्र में बुवाई का कार्य संपन्न हो गया। इससे उनकी लागत में उल्लेखनीय कमी आई और समय की भी बचत हुई।

किसान फत्तेराज का कहना है कि आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग खेती को अधिक सुविधाजनक बना रहा है। जे-फार्म ऐप के माध्यम से कृषि यंत्रों की उपलब्धता आसान हुई है, जिससे किसानों को समय पर मशीनें मिल रही हैं और कृषि कार्यों में तेजी आ रही है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार डीएसआर पद्धति धान उत्पादन की एक उन्नत तकनीक है, जिससे पानी, श्रम और लागत की बचत होती है। साथ ही फसल की बेहतर बढ़वार और अधिक उत्पादन की संभावना भी रहती है। फत्तेराज क्षीरसागर जैसे किसान अन्य कृषकों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं और यह साबित कर रहे हैं कि तकनीक का सही उपयोग खेती को अधिक लाभकारी बना सकता है। ग्राम टेकाड़ी-म में फत्तेराज क्षीरसागर द्वारा अपनाई गई यह पहल जिले में कृषि यंत्रीकरण और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है।

## लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियों को मिल रही शिक्षा और सशक्तिकरण की नई उड़ान, जिले की 1 लाख 48 हजार 131 बालिकाएं लाभान्वित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रदेश में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, स्त्री-पुरुष लिंगानुपात में सुधार लाने तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना बालाघाट जिले में प्रभावी रूप से संचालित हो रही है।***

इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जिले की 1 लाख 48 हजार 131 बालिकाओं को लाभ मिल रहा है। योजना ने न केवल बालिकाओं की शिक्षा को नई दिशा दी है, बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा 01 अप्रैल 2007 से प्रारंभ की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ 01 जनवरी 2006 के बाद जन्मी बालिकाओं को दिया जा रहा है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बालिका का आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीयन होना अनिवार्य है तथा उसके माता-पिता आयकरदाता नहीं होने चाहिए।

### शिक्षा के प्रत्येक पड़ाव पर मिल रही आर्थिक सहायता

लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत पंजीकृत बालिकाओं को उनकी शैक्षणिक प्रगति के अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने पर 2 हजार रुपये, कक्षा 9वीं में 4 हजार रुपये, कक्षा 11वीं में 6 हजार रुपये तथा कक्षा 12वीं में प्रवेश पर 6 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। इसके अलावा स्नातक अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि दो समान किश्तों में प्रदान की जाती है। पहली किश्त प्रवेश के समय तथा दूसरी किश्त पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में दी जाती है।

### वर्ष 2025-26 में हजारों बालिकाओं को मिला लाभ

वर्ष 2025-26 के दौरान कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाली 5705 बालिकाओं, कक्षा 9वीं की 7045 बालिकाओं, कक्षा 11वीं की 6079 बालिकाओं तथा कक्षा 12वीं की 4918 बालिकाओं को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं की 6563, कक्षा 9वीं की 7146, कक्षा 11वीं की 5054 तथा कक्षा 12वीं की 3895 बालिकाओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। वहीं स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाली 1289 बालिकाओं को 12 हजार 500 रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई।

### ढाई वर्षों में हजारों बेटियों तक पहुंचा योजना का लाभ

पिछले ढाई वर्षों में योजना के अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाली 12 हजार 268 बालिकाओं को 2-2 हजार रुपये, कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली 14 हजार 191 बालिकाओं को 4-4 हजार रुपये, कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाली 11 हजार 133 बालिकाओं को 6-6 हजार रुपये तथा कक्षा 12वीं में प्रवेश लेने वाली 8813 बालिकाओं को 6-6 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

### जिले में लगातार बढ़ रहा पंजीयन

लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रारंभ होने से लेकर अब तक जिले की 1 लाख 48 हजार 131 बालिकाओं का पंजीयन किया जा चुका है और उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इनमें से 17 हजार 181 बालिकाओं का पंजीयन पिछले ढाई वर्षों में किया गया है, जो योजना के प्रति बढ़ते जनविश्वास और जागरूकता को दर्शाता है। लाड़ली लक्ष्मी योजना बालाघाट जिले में बालिका शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का मजबूत आधार बनकर उभरी है। योजना के माध्यम से बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया एफटीके प्रशिक्षण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल स्त्रोतों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी में फील्ड टेस्ट किट (स्त्रञ्जय) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

मुख्य कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में उपखंड वारासिवनी के सहायक यंत्री श्री विजय तिवारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती यशोदा भगत की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग के वारासिवनी, बुदबुदा-1 एवं बुदबुदा-2 सेक्टर की 72 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रयोगशाला केमिस्ट रेखा पटले एवं टीना बिसेन तथा ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक ने कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। रेखा पटले ने किट के उपयोग का लाइव प्रदर्शन करते हुए बताया कि इसके माध्यम से पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, हार्डनेस, क्लोरीन तथा पीएच मान की जांच कम समय में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि दूषित जल का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता है, इसलिए नियमित जल परीक्षण अत्यंत आवश्यक है।

परियोजना अधिकारी श्रीमती यशोदा भगत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अब अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की जांच कर उसका रिकॉर्ड तैयार करेंगी। यदि किसी स्त्रोत का पानी दूषित पाया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी, जिससे समय पर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

सहायक यंत्री श्री विजय तिवारी ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। जल गुणवत्ता निगरानी में उनकी सक्रिय भागीदारी गांवों को जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण के दौरान सभी 72 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की स्त्रञ्जय यूजर आईडी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शीतल मिश्रा, हरीश झा (पीएमयू), ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक, श्रुति डहाटे, रानी सिंह राजपूत एवं मोहिनी पटले द्वारा बनाई गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिए 15 जून तक किया जाएगा किसानों का पंजीयन..

### 13 केंद्रो पर किसानों का किया जा रहा है पंजीयन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारत सरकार की सपोर्ट प्राईस स्कीम योजना के अंतर्गत विपणन वर्ष 2026-27 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाना है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा 25 मई से किसानों का पंजीयन शुरू कर दिया गया है।***

किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निधारित है। प्रदेश सरकार द्वारा उडद की खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जाएगा। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि वर्ष 2026-27 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसान 15 जून 2026 तक ई-उपार्जन पोर्टल द्धह्लह्लश्चः//222.द्गश्चद्गह्वश्चड्डह्म-द्धड्डठ्ठ.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल नहीं खरीदी जाएगी। जिले में किसानों के पंजीयन के लिए 13 केन्द्र बनाए गए है।

जिले के मूंग एवं उडद की फसल लगाने वाले किसानों से अपील की गई है कि वे समर्थन मूल्य का लाभ लेने के लिए 15 जून तक अपना पंजीयन अवश्य करा ले। प्रदेश सरकार द्वारा उडद की खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जाएगा।

किसानों की सुविधा के लिए जिले की सभी तहसीलों में पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें सेवा सहकारी समिति लांजी, सेवा सहकारी समिति खैरलांजी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति परसवाड़ा, उकवा, लामता, सेवा सहकारी समिति पायली, सेवा सहकारी समिति मिरेगांव, सेवा सहकारी समिति डोकरबंदी, सेवा सहकारी समिति बडग़ांव, सेवा सहकारी समिति कायदी, सेवा सहकारी समिति बनेरा-कटेरा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति वारासिवनी और सेवा सहकारी समिति मानेगाव में किसानों के लिए पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत, जनपद और तहसील कार्यालयों में बने सुविधा केंद्रों पर निःशुल्क पंजीयन होगा। एमपी ऑनलाइन कियोस्क, सीएससी, लोकसेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकेगा।

कृषि विभाग ने जिले के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार न करें और जल्द से जल्द अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र पर जाकर या ऑनलाइन माध्यम से पंजीयन कराएं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक कृषि से फोन नंबर 07632-241355 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एसएसपी महाविद्यालय में हुई प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट पर चर्चा





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***म.प्र. बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेकर्नल विनीत कमल गुप्ता द्वारा प्राप्त निर्देषानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरिता कोल्हेकर के मार्गदर्षन में महाविद्यालय में पुनीत सागर अभियान के***

तहत एसएससीडी गतिविधि के अन्तर्गत प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेन्ट पर चर्चा का अयोजन किया गया। इस चर्चा में वरिष्ठ एनसीसी कैडेट श्रेया शुक्ला ने कक्ष में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को प्लास्टिक के बेहतर उपयोग एवं इसके रिसाइकल के विषय में विस्तारपूर्वक समझाया। एनसीसी कैडेट श्रेया ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अत्यंत गंभीर है क्योंकि ये वर्षो तक मिट्टी में दबे रहने के बावजूद भी गलता नहीं है और धरती को धीरे-धीरे बंजर बनाता जाता है। इस चर्चा में महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले ने अपने उद्बोधन में सभी एनसीसी कैडेट्स से प्लास्टिक के कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कैडेट्स से कहा कि प्लास्टिक का कचरा एक निर्धारित स्थान पर ही जमा करें ताकि प्लास्टिक पर्यावरण में इधर-उधर ना फैले और अपने इस छोटे से काम के माध्यम से पर्यावरण को बचाने में सहयोग प्रदान करें एवं अपने परिचितों को भी ऐसा करने हेतु जागरूक करे। जल स्त्रोंतो एवं नदियों के किनारो पर किसी भी तरह के प्लास्टिक का कचरा ना फैलाने हेतु कैडेट्स स्वयं जागरूक हो एवं अपने परिचितों को भी जागरूक करे ताकि पर्यावरण प्लास्टिक के कचरे के दुष्प्रभावों से बच सके। इस कार्यक्रम में कुल 42 कैडेट्स उपस्थित रहे।

## सागौन लट्ठों से भरे पिकअप वाहन पर 15 दिवस के भीतर दावा आपत्ति आमंत्रित

जगप्रेरणा कटंगी।

***वन परिक्षेत्र कटंगी सामान्य के अंतर्गत वन अमले ने 16 जनवरी 2026 को सामूहिक गश्त के दौरान ग्राम सुकली के पास पीडब्ल्यूडी सड़क किनारे***

खड़ी एक लावारिस पिकअप बोलेरो वाहन को जब्त किया था। वाहन में बिना वैध दस्तावेजों के सागौन के 10 लट्ठे (0.898 घनमीटर) पाए गए थे। वन विभाग के अनुसार वाहन पर कोई नंबर अंकित नहीं था तथा इंजन और चेचिस नंबर भी नहीं मिले। मौके पर वाहन चालक या स्वामी का कोई पता नहीं चलने पर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर वाहन एवं वनोपज को जब्त कर लिया गया। प्रकरण वर्तमान में राजसात कार्यवाही हेतु विचाराधीन है। यदि जब्त वाहन पर किसी व्यक्ति या संस्था का वैधानिक दावा या हित हो तो वह 15 दिनों के भीतर अपना पक्ष एवं लिखित आपत्ति उप वनमण्डलाधिकारी कटंगी सामान्य उप वनमण्डल में प्रस्तुत कर सकता है।

निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा नियमानुसार एकतरफा कार्रवाई कर वाहन को शासन पक्ष में राजसात किया जाएगा।





दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433




मंगलवार 09 जून 2026





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
• हिर्री • भानेगांव • मोहझरी • बोलेगांव • बहेला • रिसेवाड़ा • कारंजा • साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433


# एआईसीसी सचिव सूरज हेगड़े के निधन पर कांग्रेस जनों ने जताया शोक..

## दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि..

जगप्रेरणा लांजी।

***ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सचिव एवं भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी सूरज हेगड़े के असामयिक निधन के समाचार से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं में गहरा शोक व्याप्त है।***

उनके निधन को कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्री हेगड़े ने संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा और अथक परिश्रम के बल पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनका सहज और मिलनसार व्यक्तित्व, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार तथा कांग्रेस की विचारधारा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी। संगठन को मजबूत बनाने में उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि पार्टी संगठन द्वारा वर्ष 2025 में चलाए गए संगठन सृजन अभियान के तहत श्री सूरज हेगड़े को बालाघाट जिले का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया था। इसी क्रम में उन्होंने 21 जून 2025 को बालाघाट जिले का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात की थी तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए उनके सुझाव और राय-मशवरे लिए थे।

श्री हेगड़े का बालाघाट जिले एवं लांजी क्षेत्र से भी विशेष जुड़ाव रहा है। वे मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष एवं लांजी क्षेत्र की पूर्व विधायक हिना लिखीराम कावरे के साथ वर्तमान में एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव के रूप में तथा पूर्व में भारतीय युवा कांग्रेस में सहयोगी के रूप में कार्य कर चुके थे। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से अनेक कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों में प्रेरणा मिली।श्री सूरज हेगड़े के निधन पर नगर कांग्रेस कमेटी लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरणापुर ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

कांग्रेसजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों, मित्रों और समर्थकों को इस दुखद घड़ी में संबल एवं शक्ति प्रदान करें।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सूरज हेगड़े का संगठन के प्रति समर्पण और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका स्नेह हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा तथा उनकी स्मृतियां कांग्रेस परिवार के हृदय में सदैव जीवित रहेंगी।

# महंगाई का एक और तड़का, घरेलू गैस के दाम बड़े, मूल्य नियंत्रण के लिए कदम बढ़ाए सरकार

जगप्रेरणा लांजी।

***घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। पहले से ही खाद्य पदार्थों, दूध, सब्जियों, रसोई सामग्री और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं***




के बढ़ते दामों से जूझ रहे परिवारों पर अब रसोई गैस महंगी होने का अतिरिक्त बोझ पड़ गया है। लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि का सीधा असर घर के मासिक बजट पर पड़ेगा।

गृहणियों के अनुसार रसोई का पूरा संचालन एलपीजी गैस पर आधारित है। ऐसे में गैस सिलेंडर महंगा होने से भोजन बनाने की लागत बढ़ जाती है और घरेलू खर्चों का संतुलन प्रभावित होता है। मध्यम वर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए यह बढ़ोतरी चिंता का विषय बन गई है।

उनका कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच घरेलू खर्चों को नियंत्रित करना पहले ही कठिन हो चुका है, वहीं अब गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आर्थिक दबाव और बढ़ जाएगा। क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं ने बताया कि एक ओर आय के साधनों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है, वहीं दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में परिवारों को अन्य जरूरतों में कटौती कर घरेलू बजट को संतुलित करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव सीधे तौर पर प्रत्येक घर की रसोई पर दिखाई देगा।



## बोले अजय अवसरे..

जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने कहां कि महंगाई का असर सीधे आम नागरिकों पर पड़ रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी योजनाएं बनानी चाहिए जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ कम हो और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उचित दरों पर उपलब्ध हो सकें। क्षेत्र के नागरिकों का मानना है कि यदि आवश्यक वस्तुओं और घरेलू गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि होती रही तो आने वाले समय में परिवारों के लिए घरेलू बजट का प्रबंधन और अधिक कठिन हो जाएगा। लोगों ने सरकार से रसोई गैस के बढ़ते दामों पर पुनर्विचार कर राहत प्रदान करने की मांग की है।



## बोले ऋषि पटेल..

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि पटेल बहेला ने कहां कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को आम उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए रसोई गैस की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# स्थानांतरण पर पुलिस आरक्षकों को दी भावभीनी बिदाई..

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश पुलिस में अपनी सेवा दे रहे बालाघाट जिले के विभिन्न थानों मे कार्यरत आरक्षक चेतन सोनी तथा आरक्षक भुपेन्द्र नागवंशी के उनके दुसरे जिले में स्थानांनतरण***



होने पर जो कि दोनों ही वर्तमान पुलिस थाना लांजी में पदस्थ थे। जहां आरक्षक चेतन सोनी के जिला पांढुरना तथा भुपेन्द्र नागवंशी के जिला नरसिंहपुर स्थानांतरण पर पुलिस थाना लांजी में विदाई समारोह आयोजित सम्मान पूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी दीपसिंह परमार ने दोनों आरक्षकों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लांजी थाना क्षेत्र में अपनी सेवाओं के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। उनके द्वारा किए गए कार्यों ने विभाग की छवि को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि चेतन सोनी एवं भूपेंद्र नागवंशी ने पुलिस विभाग के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन किया और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त किया। उनके स्थानांतरण से थाना परिवार को उनकी कमी महसूस होगी, लेकिन नई पदस्थापना पर भी वे अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से विभाग का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर थाना स्टाफ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों आरक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में उपस्थित पुलिस कर्मियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। समारोह का समापन दोनों आरक्षकों के सम्मान एवं सफल भविष्य की कामना के साथ किया गया। वहीं आरक्षक चेतन सोनी एवं भुपेन्द्र नागवंशी ने पुलिस थाना लांजी सहित अन्य थानों मे बिताये अपने कार्यकाल को याद किया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सहकर्मियो से हमे बहुत कुछ सीखने को मिला है जो कि आने वाले कार्यकाल में उपयोगी होंगे। अनेको अपराधों में कार्य करने का मौका मिलना, क्षेत्र की जनता के साथ मेल मिलाप, सभी गतिविधियों को दोनो ही आरक्षकों ने याद किया तथा लांजी की स्मृति कभी ना भुलने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से थाना प्रभारी दीपसिंह परमार, एसआई सुन्दर लाल पंवार, एसआई निधी पाण्डे, तोपसिंह उइके, टीकाराम भोयर, नरेन्द्र सोनवे, मुकेश ठाकरे, आशुतोष राजपुत, सुजीत पाल, दिलीप यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# तीन माह से नहीं मिल रही जरूरतमंदों को पेंशन, लंबित पेंशन का भुगतान कराए सरकार - अजय अवसरे..

जगप्रेरणा लाँजी।

***जनपद पंचायत लाँजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने प्रदेश सरकार की पेंशन योजनाओं के भुगतान में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत लाँजी अंतर्गत ग्रामों के अनेक वृद्धजन,***

विधवा महिलाएँ, निराश्रित एवं दिव्यांग हितग्राही लगातार शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें पिछले तीन माह से पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है।

अजय अवसरे ने बताया कि एक ग्राम की बुजुर्ग महिला एवं पूर्व सरपंच द्वारा पेंशन नहीं मिलने की शिकायत किए जाने पर संबंधित शाखा प्रभारी से जानकारी ली गई। शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत तीन माह से शासन स्तर से नियमित भुगतान नहीं हुआ है। हालाँकि 29 मई 2026 से कुछ खातों में आंशिक भुगतान प्रारंभ हुआ है, लेकिन कई हितग्राहियों को अब भी राशि प्राप्त नहीं हुई है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन, कल्याणी (विधवा) पेंशन एवं निशक्त (दिव्यांग) पेंशन के पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 600 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। यह राशि उन लोगों के लिए जीवनयापन का महत्वपूर्ण सहारा है जो सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर हैं।



अजय अवसरे ने कहा कि प्रदेश में लाखों हितग्राही इन योजनाओं पर निर्भर हैं। ऐसे में लगातार तीन माह तक भुगतान नहीं होना सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार लाड़ली बहना योजना के तहत नियमित भुगतान के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर वृद्ध, विधवा, निराश्रित एवं दिव्यांग नागरिक अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए परेशान हो रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि आए दिन केवाईसी, आधार लिंकिंग, बैंक खाता सत्यापन, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं के नाम पर हितग्राहियों को परेशान किया जाता है। पेंशनधारी बुजुर्गों को बैंक और कियोस्क केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, फिर भी समय पर भुगतान नहीं हो पाता।

अजय अवसरे ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन किसी प्रकार की सुविधा नहीं बल्कि जरूरतमंद नागरिकों के लिए जीवनरेखा है। सरकार को प्राथमिकता के आधार पर लंबित पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए तथा भविष्य में समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए।

उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार से मांग की है कि तीन माह से लंबित समस्त पेंशन राशि तत्काल जारी कर गरीब, वृद्ध, विधवा, निराश्रित एवं दिव्यांग हितग्राहियों को राहत प्रदान की जाए।

# पुनीत सागर अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने वैनगंगा घाट की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बालाघाट के एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुनीत सागर अभियान एवं स्वच्छता पखवाड़ा***




के तहत रविवार 8 जून 2026 को वैनगंगा नदी स्थित शंकर घाट पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन 6 एम.पी. बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी वी.के. गुप्ता के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण में किया गया।

अभियान के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने घाट परिसर एवं नदी तट पर फैले प्लास्टिक कचरे, पॉलीथिन तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। स्वच्छता अभियान का संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. गजानन कटरे के दिशा-निर्देशन में किया गया। कैडेट्स द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की उपस्थितजनों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने स्थानीय नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने, नदियों एवं जलाशयों को प्रदूषणमुक्त रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नदी और स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं।

एनसीसी कैडेट्स द्वारा संचालित यह अभियान समाज में स्वच्छता, नदी संरक्षण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता रही।

# सारी गर्मी बीत गई पर नहीं बन पाई सर्रा पूल की जर्जर रोड..

## जिम्मेदार विभाग कुंभकर्णी नींद में

## दुर्घटनाओं के बाद भी नहीं जाग रहे जिम्मेदार..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के सर्रा पुल की अप्रोच रोड इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सडक़ पर जगह-जगह गिट्टी उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन करने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।***



विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली विद्यार्थियों और किसानों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ की मरम्मत लंबे समय से नहीं हुई है। सडक़ पर बिखरी गिट्टी और उबड़-खाबड़ सतह के कारण आए दिन वाहन फिसलने की घटनाएं होती रहती हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी।

यह मार्ग आसपास के कई गांवों को जोडऩे वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, विशेषकर सर्रा, नेवरवाही, खण्डवा, देवलगांव, कंसुली, सतोना, कोडप्पा, पुजारीटोला, रायली, वारदा सहित अन्य ग्राम जहां से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण आवागमन करते हैं। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शीघ्र सडक़ की मरम्मत कराने और अप्रोच रोड को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## ईरान–इजराइल संघर्ष विराम का टूटना : तेल कीमतों में उछाल, व्यापारिक अनिश्चितता, क्षेत्रीय अस्थिरता और महायुद्ध की आशंकाएं, विश्व शांति,मध्य पूर्व की स्थिरता के लिए बढ़ता खतरा..

वैश्विक स्तरपर मध्य पूर्व एक बार फिर उस मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है जहां किसी भी छोटी चिंगारी से व्यापक क्षेत्रीय युद्ध की आग भड़क सकती है। अप्रैल 2026 से लागू अस्थायी संघर्ष विराम (सीजफायर) के बावजूद ईरान और इजराइल के बीच तनाव लगातार बना हुआ था,किंतु 8 जून 2026 को दोनों देशों के बीचप्रत्यक्ष मिसाइल और हवाई हमलों ने यह संकेत दे दिया कि संघर्ष विराम गंभीर संकट में पड़ गया है।विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ईरान ने इजराइल के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जबकि इजराइल ने जवाबी कार्रवाई में ईरान के कई सैन्य और रणनीतिक ठिकानों पर हवाई हमले किए। इससे पूरे मध्य पूर्व में अस्थिरता बढ़ गई है और दुनिया को एक बार फिर बड़े युद्ध की आशंका सताने लगी है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच सैन्य टकराव भर नहीं है,बल्कि इसके पीछे भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा,क्षेत्रीय प्रभाव की लड़ाई,सुरक्षा चिंताएं,परमाणु कार्यक्रमों को लेकर अविश्वास और अनेक प्रॉक्सी संगठनों की भूमिका भी जुड़ी हुई है।पिछले कुछ वर्षों में ईरान और इजराइल के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संघर्ष लगातार बढ़ते रहे हैं। लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हूती विद्रोही, सीरिया और इराक में विभिन्न सशस्त्र गुट तथा क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की राजनीति ने इस पूरे संकट को और अधिक जटिल बना दिया है।

साथियों, मीडिया में अनुसार 8 जून 2026 को सामने आई घटनाओं के अनुसार ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजराइल के नेवातिम और तेल नोफ एयरबेस को लक्ष्य बनाकर मिसाइल हमले किए। ईरान का दावा है कि यह कार्रवाई लेबनान की राजधानी बेरूत पर इजराइली हमलों के जवाब में की गई। दूसरी ओर इजराइली सेना ने ईरान के पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित रडार केंद्रों, सैन्य प्रतिष्ठानों तथा अन्य रणनीतिक ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संघर्ष विराम की व्याख्या दोनों पक्ष अलग-अलग तरीके से कर रहे थे। ईरान का आरोप है कि लेबनान पर इजराइली हमले सीजफायर की भावना के विरुद्ध थे,जबकि इजराइल का तर्क है कि उसकी सैन्य कार्रवाई उसकी सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप थी। इसी मतभेद ने अंततः स्थिति को फिर से युद्ध की दिशा में धकेल दिया। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह संकट अब केवल ईरान और इजराइल तक सीमित नहीं रहा। यमन के हूती विद्रोहियों ने भी इजराइल पर मिसाइल हमले किए हैं तथा लाल सागर में इजराइली समुद्री गतिविधियों को बाधित करने की चेतावनी दी है। यदि लाल सागर और बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग प्रभावित होते हैं, तो वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

साथियों अमेरिका इस पूरे संकट में अत्यंत चिंतित दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सार्वजनिक रूप से दोनों पक्षों से संयम बरतने और तत्काल संघर्ष विराम की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की है। रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री से बातचीत कर आगे सैन्य कार्रवाई को सीमित रखने का आग्रह किया। अमेरिकी प्रशासन की सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि यह संघर्ष पूर्ण क्षेत्रीय युद्ध में बदलता है तो अमेरिका स्वयं भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसमें उलझ सकता है। वास्तव में यह संकट ऐसे समय में उभरा है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से ही अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, व्यापारिक तनाव, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला की समस्याएं और ऊर्जा बाजार की अनिश्चितता ने पहले ही विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया हुआ है।ऐसे में मध्य पूर्व में बड़े युद्ध की संभावना निवेशकों, व्यापारिक संस्थानों और सरकारों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

साथियों, तेल बाजार इस तनाव का सबसे पहला और सबसे संवेदनशील शिकार बनता दिखाई दे रहा है। मध्य पूर्व विश्व के सबसे बड़े तेल उत्पादक क्षेत्रों में से एक है। ईरान, सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे देशों की ऊर्जा आपूर्ति वैश्विक बाजार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संघर्ष बढ़ने की खबरों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिला। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संघर्ष लंबा खिंचता है या समुद्री मार्ग प्रभावित होते हैं तो तेल की कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं।तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा प्रभाव दुनिया के लगभग हर देश पर पड़ता है। परिवहन लागत बढ़ती है, उत्पादन महंगा होता है, महंगाई बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति धीमी पड़ सकती है। विकासशील देशों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि वे ऊर्जाआयात पर अधिक निर्भर रहते हैं।भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देशों के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है।

साथियों,भारत की दृष्टि से यह संकट कई कारणों से महत्वपूर्ण है। एक ओर भारत के ईरान, इजराइल और खाड़ी देशों के साथ मजबूत आर्थिक एवं रणनीतिक संबंध हैं, वहीं दूसरी ओर लाखों भारतीय नागरिक मध्य पूर्व में कार्यरत हैं। यदि क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ती है तो भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक हित प्रभावित हो सकते हैं। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा यात्रा संबंधी सलाह जारी करना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संघर्ष इसी प्रकार बढ़ता रहा तो सीरिया, इराक, लेबनान और यमन जैसे देश भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसकी चपेट में आ सकते हैं। ऐसी स्थिति में पूरा पश्चिम एशिया अस्थिरता के दौर में प्रवेश कर सकता है। इससे न केवल सैन्य संघर्ष बढ़ेगा बल्कि मानवीय संकट भी गहरा सकता है। लाखों लोगों के विस्थापन, शरणार्थी संकट और बुनियादी ढांचे की तबाही जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं।

साथियों, इतिहास गवाह है कि युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। मिसाइलें और बम केवल सैन्य ठिकानों को ही नहीं, बल्कि शहरों, अस्पतालों, स्कूलों और नागरिक जीवन को भी प्रभावित करते हैं। ईरान और इजराइल दोनों ही उच्च तकनीक वाले हथियारों से लैस हैं। इसलिए यदि युद्ध व्यापक रूप लेता है तो इसका मानवीय नुकसान अत्यंत गंभीर हो सकता है।संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय देशों, एशियाई शक्तियों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सामने इस समय सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे दोनों पक्षों को संवाद की मेज पर वापस लाएं। कूटनीति, मध्यस्थता और विश्वास निर्माण के उपाय ही इस संकट का स्थायी समाधान प्रदान कर सकते हैं। केवल सैन्य शक्ति के माध्यम से ऐसी जटिल समस्याओं का समाधान संभव नहीं है।

साथियों, विश्व राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में यह भी स्पष्ट है कि कोई भी बड़ा क्षेत्रीय युद्ध अब केवल क्षेत्रीय नहीं रह जाता। वैश्विक वित्तीय बाजार, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य आपूर्ति, समुद्री व्यापार और अंतरराष्ट्रीय निवेश सीधे प्रभावित होते हैं। इसलिए ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव केवल मध्य पूर्व का मुद्दा नहीं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है।वर्तमान परिस्थितियों में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता तत्काल और प्रभावी संघर्ष विराम की है। दोनों देशों को यह समझना होगा कि सैन्य टकराव की निरंतरता किसी पक्ष को स्थायी विजय नहीं दे सकती, लेकिन पूरे क्षेत्र को अस्थिर अवश्य कर सकती है। अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और अन्य प्रभावशाली देशों को मिलकर एक ऐसा ढांचा तैयार करना होगा जो न केवल युद्ध रोक सके बल्कि भविष्य में ऐसे संघर्षों को दोबारा भड़कने से भी रोक सके।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि 8 जून 2026 की घटनाओं ने यह संकेत दे दिया है कि मध्य पूर्व की शांति अभी भी अत्यंत नाजुक स्थिति में है।ईरान और इजराइल के बीच बढ़ता सैन्य टकराव विश्व शांति, वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और मानवीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। तेल कीमतों में उछाल, व्यापारिक अनिश्चितता, क्षेत्रीय अस्थिरता और महायुद्ध की आशंकाएं इस संकट को और अधिक संवेदनशील बना रही हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्राथमिकता यही होनी चाहिए कि दोनों देशों को संयम, संवाद और स्थायी शांति की दिशा में प्रेरित किया जाए। विश्व शांति की रक्षा, आर्थिक स्थिरता की सुरक्षा और मानवता के हित में युद्ध नहीं बल्कि कूटनीति ही सबसे प्रभावी मार्ग सिद्ध हो सकती है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## मैं स्त्री हूँ..


मैं स्त्री हूँ, मैं सृष्टि का आधार हूँ,
ममता की मूरत, शक्ति का अवतार हूँ।
सहनशीलता का अनमोल उपहार हूँ,
जीवन की नैया का पतवार हूँ।
जननी और ममता
मैं ही जननी हूँ, जग को रचती हूँ,
गोद में अपनी खुशियाँ भरती हूँ।
लोरी गाकर दुनिया को सुलाती हूँ,
आँसू छुपाकर हर पल मुस्कुराती हूँ।
त्याग की परिभाषा मेरी कहानी है,
सेवा की हर राह मैंने पहचानी है।
कभी बेटी, कभी बहन का रूप हूँ,
छाँव भी मैं ही हूँ, मैं ही धूप हूँ।
संघर्ष और साहस
कमज़ोर न समझना, मैं अंगार हूँ,
दुष्टों के विनाश का हथियार हूँ।
दुर्गा बन अधर्म का नाश करती हूँ,
काली बन संकटों से मैं लड़ती हूँ।
परंपरा की बेड़ियों को तोड़ा है,
हर क्षेत्र में अपनी पहचान को जोड़ा है।
ज़मीन से लेकर आसमान तक मेरी उड़ान है,
अब मेरे हौसलों से हैरान जहान है।
स्वाभिमान और नई पहचान
मैं केवल चूल्हे-चौके का नाम नहीं,
मेरा अस्तित्व किसी से कमज़ोर नहीं।
मैं खुद अपना भाग्य विधाता हूँ,
हर कठिन राह को सुगम बनाती हूँ।
अपनी मर्यादा का मुझे पूरा भान है,
मेरा स्वाभिमान ही मेरी शान है।
आँखों में सपने और
दिल में विश्वास है,
मेरा हर एक कदम इतिहास है।
संपूर्ण अस्तित्व
सुख-दुख में हरदम साथ निभाती हूँ,
काँटों भरे रास्तों पर भी मुस्कुराती हूँ।
प्रेम की भाषा, करुणा की परिभाषा हूँ,
मैं ही तो जग की सुंदर आशा हूँ।
नारीत्व मेरा कोई अभिशाप नहीं,
झुकना पड़े अब ऐसा कोई पाप नहीं।
सम्मान की हकदार,
गौरव का गान हूँ,
मैं स्त्री हूँ, खुद में पूरा जहान हूँ।

लेखिका



नीलम पाण्डेय
जगदलपुर बस्तर
छत्तीसगढ़


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 187



ck;: l: nk;: !& 1) अखिल भारतीय कॉंग्रेस के सर्वाधिक अवधि तक रहनेवाले कोषाध्यक्ष 6) अपनी चाल से किसी की चाल को चलने न देना इस अर्थवाला एक मुहावरा 12) अचंभा, जिज्ञासा 14) पराजय 15) पिछला 16) गीला 18) शरीर 19) एक तलम वस्त्र 20) चिंतन 21) मुक्त करना 23) कर्नाटक व महाराष्ट्रके मंदिरों में देवताओं के नाम से अर्पित की जानेवाली कन्या 25) कौरवों की मां 27) सुगंध 28) पुत्र 31) आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली में फलों के खमीर से बनाया गया पौष्टिक खाद्य 32) गीला, लिमडा, गुंधा 33) धैर्य 35) जलयान 37) उत्तराधिकारी 39) मकान का बेजान पहरेदार 41) अशक्त स्त्री 42) नापना 45) ताकतवर 46) म्लेंच्छ, मुसलमान 47) बचपन 49) हूर, अप्सरा 50) कामवासना 52) न्यायाधीश (अंग्रेजी) 53) एक पक्षी 55) क्रिकेट में प्रसिद्ध वेस्ट इंडिज के एक खिलाडी 56) महाराष्ट्र में प्रसिद्ध एक दूध और मक्खन निर्मात्री कंपनी 57) निषेध 58) पैर के नीचे का भाग 60) प्रारंभ 62) बहू या दामाद के पिता 63) दस (संस्कृत) 64) किसी के अनुचित आचरण का कारण पुछना 66) सुकुमारी 69) नदी का किनारा, छोर 70) कोठरी 71) बरसात का मौसम 73) माथा, मस्तक 74) हमेशा हराभरा रहनेवाला 76) घी तैयार करनेवाली एक पुरानी कंपनी 79) छोटे लड़कों के बहकने या बुरे रास्ते पर जाने के रंग ढंग दिखाई देना इस अर्थ का एक मुहावरा 81) ठहर या वास कर 82) मध्य प्रदेश के मध्य भारत का एक इलाका या क्षेत्र 83) पुराणों में वर्णित एक प्रसिद्ध नाग 85) वेश्या 88) झांसी की इतिहास प्रसिद्ध वीरांगना 90) नकारात्मक 92) संकटदायी या एतराज करने लायक 94) अंधेरा 97) आकांक्षारहित, अनिच्छा 99) अड़चन, बाधा 100) दिन रात का आठवां भाग 101) सहमत 103) गणेशजी 106) पठन करना 108) मध्य प्रदेश व गुजरात से बहनेवाली एक प्रसिद्ध नदी 110) विनोद करना, हंसी गड्डा करना 111) अन्यथा 112) मधूर 113) बजाने का काम दुसरे से कराना

Åij l: ulp: !& 1) खान अब्दुल गफ्फार खान इस नाम से भी जाने जाते है 2) पिता या पूज्य व्यक्तियों के लिये संबोधन 3) लीन 4) ध्वज 5) प्रथा 7) एक एशियाई देश जिसकी राजधानी बैरुत है 8) पैर 9) धावक (अंग्रेजी) 10) आक्रमण 11) सौ हजार 12) घराने की देवता 13) विष्णु का भक्त या सेवक 17) बचाखुचा 20) रोगी 22) लिप्त 24) छाती फुलाना 26) कर्नाटक का महाराष्ट्र की सीमा से लगा एक प्रसिद्ध शहर 29) अगर 30) प्रश्नोत्तर 31) बैठक, बैठने का साधन 34) किसी के द्वारा विश्वास से सौंपे गये धन को खुद के इस्तेमाल में लाना 36) एकत्र 38) चलन 40) योग्य 41) गुनाहगार 43) वस्त्र 44) किश्ती 47) शरम 48) कथन, वाक्य, वचन (उर्दू) 49) फिल्म 'हेराफेरी (अक्षयकुमार)' और ' अतिथी तुम कब आओगे' में भूमिका निभानेवाले एक चरित्र अभिनेता 51) निरंतर 53) इच्छा 54) तेल या घी में भुनना 56) यहूदी मत के अनुसार सृष्टी का पहला मनुष्य 57) जलसा (उर्दू) 59) लड़ने के लिये उच्च स्वर में पुकारना 60) एक सब्जी 61) फिलीपाईन्स देश की राजधानी 62) सरदार की पत्नी 65) पुत्र वधू, नवविवाहिता 67) पानी से भरा हुआ या युक्त 68) अभिनय करना 69) नजदीक, समीपता 70) शुल्क, हात 71) पवित्र 72) वह धर्म जो अनादि काल से चला आ रहा है 75) मनोरंजन होना 77) झुकाना 78) दावा करने का काम दूसरे से करवाना 79) संकेत नही 80) पापरहित 82) मां या प्रौढ़ स्त्रियों के लिये एक संबोधन 84) सुगंध 86) वाणी 87) जीत 88) प्रणाम 89) जादूगर 91) एक ग्रह 92) हिन्दुओं का एक महीना 93) जीभ 95) किसी को मारने का काम दूसरों से करवाना 96) मोटा सूती कपड़ा, घोड़े के पीठ पर रखने की गद्दी 98) गायब 102) बहनोई 104) गमन करना 105) नवीन 107) बहुत प्रसिद्ध 109) दबाव (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## पेड़ पीपल के..

सड़कों के किनारे लगे पेड़ पीपल के।
भरोसा वर्तमान का सपने हैं कल के।

छांव घनी देंगे और हवा साफसुथरी
सूरत गाँव की रख देंगे बदल के।

जरा देर रुककर राहत की सांस लेगा
थक जाएगा पथिक जब रास्ते पर चलके।

चलेगी जब ठंडी हवा, बज उठेगे पत्ते
गीत गाएगा मौसम, आनंद भरे पल के।

करेंगे बुजुर्ग अपने सुख दुःख की बातें
कभी हसी के ठहाके, कभी आंसू छलके।

मिलेगी छुप छुप कर वीरु से धन्नो
प्रेम कथाओं के साक्षी पेड़ पीपल के।

पर्यावरण का बचाव रोकते भूमि का कटाव
औषधियों से भरपूर खजाने पेड़ भूतल के।

कमलेश तिवारी, गोंदिया
8237072533

## होने लगी है डिबेट..

होने लगी है डिबेट विषय बेकार पर,
बोलता नहीं कोई हक अधिकार पर।
चोरों की साथी, अपराधियों का साथ,
अब और क्या लिखें इस सरकार पर।

अभी गर्दिश में हैं
पर चमकेंगे संसार पर
लिखें जायेंगे नारे हमारे हर दीवार पर।
एक दिन जीत का
जश्न मिलके मनायेंगे,
अभी हम काम कर
रहे हैं अपनी हार पर।

लडी है जंग इसलिए यकीं है प्यार पर
तकरार सही अगर
आये हो तकरार पर
कमज़ोरों की रक्षा जब कर न पायेंगे,
थूक देंगे संजय हम
अपने किरदार पर।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट





# सूर्यवंशी पर रहेंगी निगाहें, भारत ए श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में करेगा अभियान की शुरुआत..

दाम्बुला, (भाषा)।

***इस महीने आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में चयनित वैभव सूर्यवंशी मंगलवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय ए टीम त्रिकोणीय श्रृंखला में मेजबान श्रीलंका ए के खिलाफमैदान में उतरेंगे तो सभी की निगाहें इस 15 साल के किशोर बल्लेबाजी सनसनी पर टिकी रहेंगी।***



सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग में दमदार प्रदर्शन के साथ पिछले दो बार की विश्व कप विजेता भारतीय टी20 टीम में जगह बनाई है। उनके शामिल होने से तीन बार की विजेता टीम और मजबूत हो गई है।

अब वह 50 ओवर के प्रारूप में भी अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, जहां श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए के गेंदबाजों के सामने उन्हें रोकने की चुनौती होगी।

आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के साथ रवाना होने से पहले यह देखना दिलचस्प होगा कि सूर्यवंशी आईपीएल में आक्रामक बल्लेबाजी से निकलकर श्रीलंका की स्पिन-अनुकूल पिचों पर लंबे प्रारूप की सफेद गेंद क्रिकेट में खुद को किस तरह ढालते हैं। सूर्यवंशी को अभ्यास सत्र के दौरान कुछ गेंदों पर रक्षात्मक होकर खेलते हुए भी देखा गया, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली ही दर्शकों को आकर्षित करने का सबसे बड़ा कारण बनी हुई है।

भारत ए के कप्तान तिलक वर्मा ने कहा कि यह श्रृंखला सूर्यवंशी के लिए लंबे प्रारूप में खुद को परखने का अच्छा अवसर होगी।

तिलक ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''सभी ने देखा है कि वह कितने प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में खेले गये अंडर-19 विश्व कप और खास कर उसके फाइनल में बेहतरीन बल्लेबाजी की थी।''

उन्होंने कहा, ''हम यह देखने को लेकर उत्साहित हैं कि वह इस प्रारूप में कैसा प्रदर्शन करते हैं। श्रीलंका की धीमी पिचों पर उनकी भूमिका कुछ अलग होगी, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि वह यहां भी अच्छा करेंगे।''

यह दौरा तिलक वर्मा की कप्तानी क्षमता की भी परीक्षा माना जा रहा है। राष्ट्रीय टी20 टीम में भविष्य के कप्तानी विकल्पों में भी उनका नाम चर्चा में रहा है।

तिलक ने कहा, ''कप्तान के रूप में मैं काफी आत्मविश्वास से भरा हूं। इससे पहले भी मैं दो श्रृंखलाओं में कप्तानी कर चुका हूं और हमारी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था। हैदराबाद के लिए दलीप ट्रॉफी में भी कप्तानी का अनुभव मिला है।''

भारतीय टीम मे आईपीएल के कई सितारे शामिल हैं। इनमें उपकप्तान ऋतुराज गायकवाड़, सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य, निशांत सिंधु, विकेटकीपर कुमार कुशाग्र, तथा हरफनमौला सूर्यांश शेडगे शामिल हैं।

गेंदबाजी विभाग में अंशुल कंबोज, अरशद खान, विपराज निगम, युधवीर सिंह, यश ठाकुर और अनुकूल रॉय टीम के प्रमुख विकल्प होंगे।

त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रत्येक टीम अन्य दो टीमों से दो-दो बार खेलेगी। अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

भारत ए टीमः

तिलक वर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, आयुष बदोनी, निशांत सिंधू, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विपराज निगम, यश ठाकुर, युधवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान और अनुकूल रॉय।

# नॉर्वे की 28 साल बाद विश्व कप में वापसी के उत्साह में 'वाइकिंग' की झलक

ओस्लो, (भाषा)।

***नॉर्वे एक ऐसा देश है जहां लोग अपनी भावनाओं पर काबू रखने के लिए जाने जाते है। ऐसे में फुटबॉल विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए तैयार टीम की हालिया 'वाइकिंग-थीम (मध्यकालीन समुद्री योद्धाओं और नाविकों की तरह)' वाला फोटोशूट असाधारण रूप से साहसिक प्रतीत हुआ।***

उल्लेवाल स्टेडियम में स्कैंडिनेवियाई डर्बी में स्वीडन को 3-1 से हराने के तीन दिन बाद नॉर्वे की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने जर्सी की जगह कवच, ढाल और तलवारें पहन लीं। देश के प्रसिद्ध फ्योर्ड (पहाड़ों के बीच समुद्र का बहुत गहरा और संकरा प्रवेश मार्ग) में से एक के किनारे एकांत समुद्र तट पर खिलाड़ियों ने पहाड़ों और समुद्र की पृष्ठभूमि में पारंपरिक लंबी नावों के साथ आधुनिक वाइकिंग के रूप में पोज दिया।

ये तस्वीरें देखते ही देखते दुनिया भर में वायरल हो गईं लेकिन नॉर्वे के लिए यह केवल एक प्रचार अभियान नहीं था, बल्कि उस धैर्य और संघर्ष का प्रतीक था, जिसने टीम को 28 वर्षों बाद विश्व कप तक पहुंचाया। नॉर्वे ने 1998 के बाद से विश्व कप में भाग नहीं लिया है। इस दौरान मार्टिन ओडेगार्ड और एर्लिंग हॉलैंड जैसे विश्वस्तरीय खिलाड़ी उभरे, लेकिन टीम बार-बार क्वालीफिकेशन से चूकती रही। वाइकिंग थीम ने न केवल इस लंबे इंतज़ार को दर्शाया, बल्कि नॉर्वे की उस सांस्कृतिक पहचान को भी सामने रखा, जिसमें साहस और धैर्य की भावना गहराई से जुड़ी है।

राजधानी ओस्लो में इस समय भी सामान्य जीवन की शांत गति बनी हुई है। यहां फुटबॉल को लेकर उत्साह अक्सर खुलकर नहीं दिखाई देता। लोग अपने कामकाज और दैनिक दिनचर्या में व्यस्त रहते हैं। लेकिन मैचों के दौरान यह स्थिति बदल जाती है, जैसा कि हाल ही में स्वीडन के खिलाफमुकाबले में वाइकिंग नौका जैसी सामूहिक जश्न की झलक में देखा गया।

कई देशों में फुटबॉल राष्ट्रीय चर्चाओं पर हावी होता है, वहीं नॉर्वे की खेल-संस्कृति संतुलित है। यह फुटबॉल, स्कीइंग, शीतकालीन खेल, एथलेटिक्स और बाहरी गतिविधियों में बांटी हुई है। फुटबॉल यहां अहम खेल है लेकिन ऐसे नहीं है कि इसकी दीवानगी लोंगों के सिर चढ़कर बोले।

ओस्लोफ्जोर्ड के किनारे हाथ से बनी 'नॉर्डिक' ऊनी टोपी बेचने वाली लिसा ने माना कि शायद उन्हें नॉर्वे की राष्ट्रीयता से जुड़ी और अधिक चीजें रखनी चाहिये।

उन्होंने कहा, ''हां, मुझे नॉर्वे के झंडे वाली टोपी बनानी चाहिए थी । लोग विश्व कप को लेकर बहुत उत्साहित हैं, लेकिन शायद यहां खुलकर नहीं दिखाते। जब नॉर्वे ने स्वीडन से खेला, तो हजारों प्रशंसक फुटबॉल कैप और जर्सी के साथ मौजूद थे।''

किशोर सेबस्टियन और फिलिप भी टीम की संभावनाओं को लेकर आशावादी थे।

सेबस्टियन ने कहा, '' हमारी टीम मजबूत है। हमारे पास हॉलैंड और ओडेगार्ड हैं, और लगभग आधी युवा आबादी फुटबॉल का अनुसरण करती है।'' जब पूछा गया कि शहर में इतने कम लोग जर्सी क्यों पहनते हैं, तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता।''

ओस्लो के एक होटल में काम करने वाले दक्षिण एशियाई शेफने सबसे रोचक दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, ''यहां फुटबॉल संस्कृति है, लेकिन हमारे देशों जैसी दीवानगी नहीं है क्योंकि लोग काम और स्कूल में व्यस्त रहते हैं। जब मैच होता है, तो यहां लोग बहुत उत्साहित होते हैं। मैच के दिन वे पागलपन दिखाते हैं''

कोच स्टाले सोलबक्केन के नेतृत्व में टीम 16 जून को इराक के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। हॉलैंड, ओडेगार्ड और प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी में यह टीम नॉर्वे के लिए नई उम्मीदें लेकर आई है। ओस्लो फिलहाल शांत है, लेकिन जैसे ही विश्व कप का आगाज होगा, इस शांत माहौल के बदलने की पूरी संभावना है।

# हमने नादानी दिखाई और अब बहुत काम करना बाकी हैः पाइबस

मुल्लांपुर, (भाषा)।

***अफगानिस्तान के मुख्य कोच रिचर्ड पाइबस का मानना है कि भारत के खिलाफखेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में उनकी टीम का रवैया काफी 'नादानी' भरा था और उन्होंने मेजबान टीम के खिलाफकरारी हार की वजह इस प्रारूप में खेलने का अधिक अनुभव और समय नहीं मिलने को बताया।***

पिछले आठ वर्षों में अफगानिस्तान का यह सिर्फ 12वां टेस्ट मैच था और भारत के हाथों पारी और 300 रन से मिली हार टीम के लिए एक सबक की तरह रही।


इंग्लैंड के अनुभवी कोच पाइबस ने कहा कि वह अफगानिस्तान क्रिकेट के आला अधिकारियों से इस बारे में बात करना चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट के प्रति टीम की प्रतिबद्धता का स्तर क्या है।

निराश पाइबस ने मैच के बाद कहा, ''आप जानते हैं कि कुछ नीतिगत सवाल हैं। जब मैं वापस जाऊंगा तो बोर्ड को प्रतिक्रिया दूंगा। लेकिन साथ ही सवाल यह भी है कि टेस्ट क्रिकेट के प्रति हमारी क्या प्रतिबद्धता है?''

अगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लाल गेंद के दो मैच के बीच इतना लंबा अंतर रहता है तो टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल पाने का नुकसान अफगानिस्तान को होता रहेगा। पाइबस ने कहा, ''प्रथम श्रेणी क्रिकेट में काफी अधिक कोचिंग करने के बाद यह कुछ-कुछ सत्र पूर्व माहौल की तरह है। आपको लंबे प्रारूप वाले क्रिकेट को खेलने के लिए लय में आना होता है।''

उन्होंने कहा, ''हम लय में नहीं थे। हमने नादानी दिखाई और अभी बहुत काम किया जाना बाकी है।'' इसके बाद अक्सर चर्चा में रहने वाला मुद्दा सामने आया जो अनुभव की कमी और देश की सीमित ओवरों की टीम से तुलना है।

पाइबस ने कहा, ''आप स्वदेश में घरेलू स्तर पर कितना भी लाल गेंद का क्रिकेट खेल लें लेकिन आपको पता है कि वहां बहुत अधिक प्रथम श्रेणी टीम नहीं हैं और मुकाबलों की सूची भी लंबी नहीं होती।'' राशिद खान, नूर अहमद और अल्लाह गजनफर जैसे सीमित ओवरों के अफगानिस्तान के कुछ स्टार खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलते।



पाइबस ने किसी का नाम लिए बिना माना कि यह एक समस्या है। उन्होंने कहा, ''सीमित ओवरों की टीम में कई ऐसे स्टार हैं जो असल में विश्व क्रिकेट के बड़े नाम हैं। वे प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। इससे युवा खिलाड़ियों को मदद नहीं मिलती। इतिहास गवाह है कि जैसे-जैसे कोई टीम आगे बढ़ती है उसे खेलने के लिए अधिक मुकाबलों की जरूरत होती है।'' हालांकि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों को दो से अधिक टी20 लीग खेलने से रोक दिया है, लेकिन व्यावसायिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इसे लागू करना आसान नहीं है।

# सुथार जैसे अच्छे खिलाड़ी मिलने का श्रेय बीसीसीआई को जाता हैः कोटक

मुल्लांपुर, (भाषा)।

***भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने सोमवार को कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही शानदार प्रदर्शन करने का श्रेय भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रतिभा पहचान के लिए बनाई गई मजबूत संरचना को जाता है।***

सुथार ने अफगानिस्तान के खिलाफएकमात्र टेस्ट मैच की पहली पारी में छह विकेट सहित मैच में सात विकेट लिए जिससे भारत ने यह मैच तीन दिन के भीतर पारी और 300 रन से जीतकर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की।

कोटक ने मैच के बाद कहा, ''उसने (सुथार ने) वास्तव में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। वह होनहार खिलाड़ी है और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। पिछले दो-तीन वर्षों से मानव लगातार भारत ए और भारत इमर्जिंग टीम के लिए खेल रहा है। यह उसके लिए एक शानदार मौका था और उसने अच्छा प्रदर्शन भी किया। असल में उसने बहुत अच्छी बल्लेबाजी भी की जो बहुत संतोषजनक है।'' कोटक ने सुथार के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय बीसीसीआई के ढांचे को दिया जो प्रतिभा की पहचान करता है, उसे निखारता है और मौके देता है।



उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बीसीसीआई का ढांचा बहुत मददगार है क्योंकि टेस्ट स्तर पर आने से पहले खिलाड़ी बहुत सारे मैच खेलते हैं। आयु वर्ग क्रिकेट, रणजी ट्रॉफी और भारत ए तक पहुंचने के सफर में कई मैच खेलने को मिलते हैं। इससे सभी खिलाड़ियों को बहुत अच्छा अनुभव मिलता है।''

कोटक ने कहा, ''बेशक, मानव भी उन्हीं खिलाड़ियों में से एक है जो पिछले तीन-चार वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है इसलिए उसे शुभकामनाएं।'' जब पूछा गया कि टीम प्रंधबन ने हर्ष दुबे के बजाय राजस्थान के गेंदबाज सुथार को क्यों चुना तो कोटक ने इसके बारे में विस्तार से बताया। कोटक ने कहा, ''पिछले तीन वर्षों में मानव उस शिविर (सीओई में) का हिस्सा रहा है जिसे मैंने आयोजित किया था। जब हमने इमर्जिंग एशिया कप या ऐसा ही कोई टूर्नामेंट खेला तो वह भारत इमर्जिंग टीम का हिस्सा था।'' उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए भी वह भारत ए टीम में था। अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफखेली गई तीन मैच की श्रृंखला में भी वह टीम का हिस्सा था। उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह बहुत मेहनती है।''

वाशिंगटन सुंदर ने सीनियर भारतीय टीम के लिए 2017 में पदार्पण किया और तब कोटक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से नहीं जुड़े थे। पिछले दशक में कोटक जिस चीज से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं वह है तमिलनाडु के इस ऑलराउंडर की काम के प्रति लगन जिसे वह 'शानदार' मानते हैं।

कोटक ने कहा, ''वह लंबे समय से प्रणाली का हिस्सा रहे हैं... 2019 में मैंने भारत ए के साथ जब पहली श्रृंखला में जिम्मेदारी निभाई थी तो वह उसमें शामिल था। मुझे लगता है कि मेरे आने से पहले ही (2017 में) वह भारत के लिए खेल चुका था इसलिए वह काफी समय से प्रक्रिया का हिस्सा है।''

उन्होंने कहा, ''वह काफी परिपक्व है। जब आप वाशिंगटन को देखते हैं विशेषकर टी20 में तो कुछ पारियों में उनकी गेंदबाजी को देखकर इसका अंदाजा लगता है।''

# फुटबॉल संकटः खेल मंत्री ने एआईएफएफऔर आईएसएल क्लबों को कार्यबल बनाने को कहा

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यहां हुई बैठक में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और आईएसएल क्लबों से कार्यबल बनाने को कहा जो संकट से जूझ रही लीग के कम से कम अगले दो सत्र के लिए एक व्यवस्थित योजना तैयार करेगी।***



विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार मंत्री ने क्लबों और एआईएफएफ से 14 क्लब वाली इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए एक 'सौहार्दपूर्ण व्यावसायिक मॉडल' तैयार करने का आग्रह किया।

एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''उन्होंने एआईएफएफ और आईएसएल क्लबों से एक कार्यबल बनाने को कहा है जो अगले दो वर्षों के लिए लीग की योजना बनाएगी और इसके लिए व्यावसायिक योजना भी तैयार करेगी। उन्होंने उनसे जल्द से जल्द ऐसा करने और एक सौहार्दपूर्ण व्यावसायिक मॉडल के साथ उनके पास वापस आने को कहा है।''

मांडविया के दखल से ही 2025-26 सत्र संभव हो पाया, फिर भले ही उसमें मैच की संख्या में कटौती की गई हो। क्लब और एआईएफएफ उस वित्तीय संकट को हल करने में विफल रहे थे जो पिछले साल दिसंबर में रिलायंस समूह द्वारा समर्थित एफएसडीएल के व्यावसायिक साझेदार के तौर पर हटने से पैदा हुआ था।

फिलहाल क्लब और एआईएफएफ नए व्यावसायिक मॉडल को लेकर विवाद में उलझे हुए हैं। क्लब एक स्व विनियमित प्रणाली चाहते हैं। उन्होंने 2026-27 और 2027-28 सत्र के लिए क्लब के नेतृत्व वाला दो साल का पायलट मॉडल एक अंतरिम समाधान के तौर पर पेश किया है।

क्लबों ने इस दो साल की अवधि के लिए आईएसएल के व्यावसायिक अधिकार हासिल करने का भी प्रस्ताव दिया जिसके लिए वे एआईएफएफ को हर साल 15 करोड़ रुपये का भुगतान करेंगे।

सूत्र ने कहा, ''मंत्री ने दोनों पक्षों से कहा कि आईएसएल एक बड़ा व्यावसायिक उपक्रम है और इस पर कई लोगों की आजीविका निर्भर करती है। अच्छी बात यह थी कि हर कोई एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय समाधान खोजने पर ध्यान देता हुआ लग रहा था।''

बैठक में सभी 14 क्लब के प्रतिनिधि शामिल हुए और अध्यक्ष कल्याण चौबे सहित एआईएफएफके अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
मंगलवार 09 जून 2026





# कच्चे माल की कमी के बीच जूट की बंपर फसल से राहत की उम्मीद

कोलकाता, (भाषा)।

***जूट की बंपर और जल्दी फसल आने की उम्मीद एक अच्छी खबर है, क्योंकि पश्चिम बंगाल का जूट उद्योग लंबे समय से कच्चे माल की कमी से जूझ रहा था, जिससे मिलों का कामकाज प्रभावित हुआ और लागत बढ़ गई।***



जूट उगाने वाले प्रमुख इलाकों से शुरुआती बाजार की सूचनाओं से पता चलता है कि वर्ष 2026-27 की फसल पिछले साल की तुलना में काफी अधिक हो सकती है और व्यापारिक अनुमानों के अनुसार उत्पादन 95-100 लाख गांठ के दायरे में हो सकता है। वर्ष 2025-26 में, आधिकारिक कच्चा जूट उत्पादन 75 लाख गांठ था, लेकिन मिल सूत्रों का कहना था कि वास्तविक मात्रा इससे कहीं कम थी।

आपूर्ति में सुधार की उम्मीद ऐसे समय में जगी है जब कई मिलें कच्चे माल की कमी से जूझ रही थीं, जिसके कारण उत्पादन में कटौती और अस्थायी रूप से मिलें बंद करनी पड़ी थीं।

सरकारी जूट निकायों ने अभी तक उत्पादन के अनुमानों की घोषणा नहीं की है।

हालांकि, उद्योग के लोगों ने आगाह किया कि बड़ी फसल का लाभ काफी हद तक सरकार द्वारा आने वाले सप्ताहों में लिए जाने वाले नीतिगत फैसलों पर निर्भर करेगा। भारतीय जूट मिल संघ (आईजेएमए) के पूर्व अध्यक्ष संजय कजारिया ने 'भाषा' को बताया, ''जूट व्यापार से जुड़े एक व्यक्ति के तौर पर, मैं इस स्थिति को बहुत नाजुक संतुलन वाली कहूंगा। एक तरफ पाइपलाइन में कच्चे जूट की सीमित उपलब्धता के कारण मिलों को कामकाज में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था, दूसरी तरफ नई फसल के जल्दी और अच्छी मात्रा में आने की उम्मीद है।''

आईजेएमए के अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता ने कहा कि उत्पादन का जो आंकड़ा चर्चा में है, वह शुरुआती बाजार जानकारी पर आधारित है और संघ का आधिकारिक आकलन जल्द ही आएगा।

व्यापार सूत्रों के अनुसार, असम, उत्तर और दक्षिण बंगाल और बिहार के कुछ हिस्सों में किसानों ने इस साल बुवाई का दायरा बढ़ाया है। उन्हें सत्र की शुरुआत में एमएसपी से तीन गुना ज्यादा कीमतों से प्रोत्साहन मिला। बुवाई के समय मौसम अनुकूल रहने से कई उत्पादक क्षेत्रों में फसल अच्छी हुई है।

कुछ इलाकों में फसल समय से पहले तैयार हो रही है, जिससे उम्मीद है कि एक जुलाई को नए जूट सत्र की आधिकारिक शुरुआत से पहले ही, जून के आखिर से नई फसल बाजार में आने लगेगी।

फसल की बेहतर होती स्थिति, उद्योग की मौजूदा हालत के बिल्कुल उलट है। आपूर्ति की कमी और स्टॉक पर पाबंदियों के बीच जूट मिलों को कच्चा माल जुटाने में मुश्किल हो रही है, जिससे कच्चे जूट की कीमतों में भारी उछाल आया है और कामकाज में दिक्कतें आ रही हैं।

बाजार के जानकारों का कहना है कि अगस्त में डिलिवरी के लिए किए जा रहे वायदा अनुबंध में ही बड़ी फसल की उम्मीदें दिखने लगी हैं। खबरों के मुताबिक, 10 अगस्त की डिलिवरी के लिए लगभग 13,000 रुपये प्रति क्विंटल, 20 अगस्त के लिए 12,000 रुपये और अगस्त के आखिर की डिलिवरी के लिए करीब 11,300 रुपये प्रति क्विंटल के सौदे हो रहे हैं, जबकि अभी अनौपचारिक हाजिर कीमत लगभग 19,000 रुपये प्रति क्विंटल है।

उद्योग सूत्रों का कहना है कि वायदा कीमतों में भारी छूट इस उम्मीद को दिखाती है कि अगर नई फसल जल्दी और अच्छी मात्रा में आती है, तो आपूर्ति में काफी सुधार हो सकता है।

# सेवा निर्यात से चालू खाता अधिशेष बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 7.1 अरब डॉलरः आरबीआई आंकड़ा

मुंबई, (भाषा)।

***देश का चालू खाता अधिशेष वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.1 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.7 प्रतिशत रहा।***




सेवा निर्यात और बाहर काम करने वाले भारतीयों के भेजे जाने वाले पैसे से अधिशेष की स्थिति बनी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में चालू खाता अधिशेष 13.7 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.4 प्रतिशत था।

हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान चालू खाते पर घाटा रहा और यह 25.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.6 प्रतिशत रहा। जबकि 2024-25 में यह 22.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.6 प्रतिशत था।

बीते वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा 83.4 अरब डॉलर रहा, जो इससे पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 59.3 अरब डॉलर से अधिक है। वहीं शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 60.4 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले इसी तिमाही 53.3 अरब डॉलर थी।

आरबीआई के वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान भारत के भुगतान संतुलन पर जारी आंकड़ों के अनुसार, कंप्यूटर सेवाओं और अन्य व्यावसायिक सेवाओं जैसी प्रमुख श्रेणियों में सेवाओं के निर्यात में सालाना आधार पर वृद्धि हुई है।

द्वितीयक आय खाते के अंतर्गत व्यक्तिगत हस्तांतरण प्राप्तियां वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बढ़कर 43.5 अरब डॉलर हो गईं, जो एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 33.9 अरब डॉलर थीं। यह मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा भेजी गई राशि है।

वित्तीय खाते में भी, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 4.2 अरब डॉलर का शुद्ध प्रवाह दर्ज किया गया, जो एक वर्ष पहले की अवधि के 0.4 अरब डॉलर से अधिक है। दूसरी ओर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में 12 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश किया, जबकि एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 5.9 अरब डॉलर की निकासी हुई थी।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, प्राथमिक आय खाते पर शुद्ध निकासी 2025-26 की चौथी तिमाही में घटकर 11.1 अरब अमेरिकी डॉलर रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 11.9 अरब डॉलर थी। यह मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को बताता है। आरबीआई ने कहा कि प्रवासी (एनआरआई) जमा में आलोच्य तिमाही में 3.3 अरब डॉलर का शुद्ध प्रवाह हुआ जो 2024-25 की चौथी तिमाही में 2.8 अरब डॉलर था।

विदेशी मुद्रा भंडार में 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.2 अरब डॉलर (भुगतान संतुलन के आधार पर) की वृद्धि हुई, जबकि 2024-25 की चौथी तिमाही में यह वृद्धि 8.8 अरब डॉलर थी।

भुगतान संतुलन के आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां (सेवाएं, प्राथमिक आय और द्वितीयक आय खाते आदि) बढ़कर 312 अरब डॉलर रहीं जो एक साल पहले 264.0 अरब डॉलर थीं। मुख्य रूप से शुद्ध सेवा प्राप्तियों और शुद्ध व्यक्तिगत हस्तांतरणों के कारण यह बढ़ा है।

विदेशी मुद्रा भंडार में वित्त वर्ष 2025-26 में 23.6 अरब डॉलर (भुगतान संतुलन आधार पर) की कमी आई, जबकि एक वर्ष पहले यह कमी पांच अरब डॉलर थी। शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह बीते वित्त वर्ष 6.9 अरब डॉलर रहा। एफपीआई ने 2025-26 में 16.4 अरब डॉलर की निकासी की, जबकि इससे एक वर्ष पहले 3.6 अरब डॉलर का शुद्ध प्रवाह हुआ था। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी 23.6 अरब डॉलर रही, जबकि एक वर्ष पहले यह कमी पांच अरब डॉलर थी।

# रुपया 43 पैसे टूटकर 95.61 प्रति डॉलर पर

मुंबई, (भाषा)।

***रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 43 पैसे कमजोर होकर 95.61 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों के जोखिम से बचने की धारणा के मद्देनजर डॉलर***



में आई मजबूती तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपये में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण डॉलर-रुपये की जोड़ी ने पिछले कारोबार की तेजी को गंवा दिया। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में वृद्धि ने भी निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.35 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.15 के उच्च स्तर तथा 95.75 के निम्न स्तर को छूने के बाद अंत में 95.61 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 43 पैसे की गिरावट है। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने के उपायों की घोषणा के बाद रुपया 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ 100.16 पर रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.94 प्रतिशत गिरकर 96.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये में और गिरावट की आशंका है। डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि भी रुपये पर दबाव डाल सकती है।''

चौधरी ने कहा कि निचले स्तर पर आरबीआई का हस्तक्षेप रुपये को सहारा दे सकता है। उनका अनुमान है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर दर 95.40 से 96.10 के दायरे में रह सकती है।

घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 719.08 अंक गिरकर 73,524.26 अंक पर, जबकि निफ्टी 243.70 अंक लुढ़ककर 23,123 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को शुद्ध रूप से 5,555.67 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि 28 मई को समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले यह भंडार 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रह गया था।

# किसानों ने इस खरीफ सत्र में 11.17 लाख टन जैविक खाद खरीदीः सरकार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

सरकार ने सोमवार को कहा कि किसानों ने खरीफ के मौजूदा बुवाई सत्र में 11.17 लाख टन जैविक खाद खरीदी है। यह पिछले साल की इसी अवधि में की गई खरीद की तुलना में 3.5 गुना ज्यादा है, जो रासायनिक खाद से धीरे-धीरे बदलाव की ओर संकेत देता है। केंद्र ने यह भी दोहराया कि देश में उर्वरकों का कुल स्टॉक ठीक-ठाक है और इसकी उपलब्धता में कोई दिक्कत नहीं है। घरेलू स्तर पर पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार स्थिति पर नजर भी रख रही है।




पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं पर मंत्रालयों के बीच हुई एक बैठक में, केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा, ''खरीफ2026 के लिए, कृषि विभाग ने उर्वरकों की जरूरत का दोबारा आकलन किया है जो 383.9 लाख टन है और इसके मुकाबले, आज की तारीख में स्टॉक 197.56 लाख टन का है।'' उन्होंने कहा कि यह स्टॉक खरीफ सत्र की मांग का 51 प्रतिशत से ज्यादा है और यह सामान्य स्तर (33 प्रतिशत) से काफी ज्यादा है। शर्मा ने कहा, ''मौजूदा खरीफसत्र के लिए उर्वरकों की खरीद लगभग 86.65 लाख टन रही है, जो कुल जरूरत का लगभग 22.57 प्रतिशत है।'' सचिव ने यह भी कहा कि किसानों ने इस सत्र में 11.17 लाख टन जैविक खाद खरीदी है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह मात्रा 3.2 लाख टन थी। शर्मा ने कहा, ''यह बड़ी बढ़ोतरी जैविक पोषक तत्वों के स्रोतों को ज्यादा अपनाने की सकारात्मक प्रवृत्ति और किसानों की पसंद में रासायनिक खाद से जैविक विकल्पों की ओर धीरे-धीरे बदलाव को दिखाती है।'' सचिव ने कहा कि अभी उर्वरकों की उपलब्धता में कोई बड़ी दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा, ''घरेलू उत्पादन और आयात जारी है और संकट की स्थिति के बाद कुल 147.4 लाख टन का आयात और घरेलू उत्पादन किया गया है। जून में, बंदरगाहों पर 25 लाख टन से ज्यादा आयातित यूरिया, डीएपी और पीकेएस पहुंचा है और 17 लाख टन यूरिया की निविदा प्रक्रिया के अधीन है।'' शर्मा ने कहा कि सरकार बजट के प्रावधानों के अनुसार सभी सब्सिडी खर्चों का भुगतान कर रही है।

उन्होंने कहा कि ''खाद और कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह' की बैठकों में उच्च स्तर पर स्थिति की निगरानी की जा रही है।'' वर्ष 2025 में, देश की कुल खाद की जरूरत का लगभग 73 प्रतिशत हिस्सा घरेलू उत्पादन से पूरा किया गया था। भारत स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) का आयात करता है। यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी सहित खाद का कुल घरेलू उत्पादन वर्ष 2021 के 433.29 लाख टन से बढ़कर वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 524.62 लाख टन हो गया है। देश में यूरिया का उत्पादन वित्त वर्ष 2014-15 में 225 लाख टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 306.67 लाख टन हो गया है। स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए देश ने पिछले वित्त वर्ष में 100 लाख टन से ज्यादा यूरिया का आयात किया। वित्त वर्ष 2026-27 में खाद सब्सिडी के लिए बजट आवंटन 1.71 लाख करोड़ रुपये है और आयात खर्च बढ़ने की संभावना है क्योंकि वैश्विक बाजार में कीमतें बढ़ गई हैं। अभी, नीम-लेपित यूरिया का एमआरपी 242 रुपये प्रति बैग (45 किग्रा) है, जबकि डीएपी 1,350 रुपये प्रति बैग (50 किग्रा) पर बेचा जा रहा है।

# पंचायती राज संस्थानों के कैग ऑडिट से कामकाज में होगा सुधारः नागेश्वरन

नई दिल्ली, (भाषा)।

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को मिलने वाले कोष का देश के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के लेखापरीक्षा करने से इनके कामकाज में सुधार होगा और गांवों में जीवन यापन में सुगमता आएगी।

नागेश्वरन ने यहां कहा, ''कैग लेखापरीक्षा से हमें प्रत्येक राज्य में होने वाले कार्यों के बारे वास्तविक स्थिति का पता चलेगा। इससे एक ऐसा साक्ष्य आधारित आधार बनेगा जो वर्तमान में मौजूद नहीं है और संवैधानिक उद्देश्य और प्रशासनिक वास्तविकता के बीच के अंतर के लिए जवाबदेही तय होगी।''

उन्होंने पंचायती राज मंत्रालय से राज्य वित्त आयोगों के लिए आंकड़ों से जुड़ी समिति की इस सिफारिश को सक्रियता से लागू करने का आग्रह किया। नागेश्वरन ने यह भी कहा कि राज्यों की राजकोषीय जवाबदेही के लिए एकसमान लेखा मदों को लागू करने की आवश्यकता है। इससे स्थानीय निकायों को किए जाने वाले सभी केंद्रीय हस्तांतरण का एक समान प्रबंधन सुनिश्चित होने के साथ तुलना संभव हो सके।

राज्य वित्त आयोगों के लिए आंकड़ों पर समिति की रिपोर्ट जारी किये जाने के अवसर पर नागेश्वरन ने कहा, ''वास्तव में जो अधिकार हस्तांतरित किए गए हैं और जो वादे किए गए थे, उनका व्यवस्थित और स्वतंत्र मूल्यांकन किए बिना हम अंधेरे में तीर चला रहे हैं।''



केंद्र सरकार वित्त आयोगों के माध्यम से और स्थानीय निकाय अनुदान के जरिये राज्य सरकारों को धनराशि हस्तांतरित करती है।

पंचायती राज मंत्रालय की इस रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि कैग 73वें संविधान संशोधन का प्रदर्शन ऑडिट करे, जिसने पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया था।

इस संशोधन में हर पांच साल में राज्य वित्त आयोगों के गठन का भी प्रावधान किया गया है।

इस संशोधन में 29 कार्यों की सूची दी गई थी जिन्हें पंचायतों को हस्तांतरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''हमें स्वयं से यह प्रश्न अवश्य पूछना चाहिए कि संवैधानिक वादे का कितना हिस्सा वास्तव में पूरा हुआ है।''

नागेश्वरन के अनुसार, राज्यों की वित्तीय स्थिति का निर्धारण करने में वित्त आयोगों के सामने एक प्रमुख चुनौती विस्तृत राजकोषीय जानकारी का अभाव है।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि स्थानीय सरकार स्तर के आंकड़ों को बनाए रखने और उसे नियमित रूप से अद्यतन करने के लिए राज्य सरकारों के भीतर स्थायी राज्य वित्त आयोग प्रकोष्ठ का गठन किया जा सकता है।

इसमें कहा गया, ''आदर्श रूप से, इस प्रकोष्ठ को वित्त विभाग या योजना विभाग के अंतर्गत स्थापित किया जाना चाहिए।''

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केंद्र सरकार राज्यों को हस्तांतरित की जाने वाली राशि का निर्धारण करती है। लेकिन ग्राम पंचायत स्तर पर संरचना की कमी के कारण कोष का प्रभावी उपयोग नहीं हो पाता है।

इसमें कहा गया, ''इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि राज्य सरकारें और केंद्र सरकार दोनों ही इन आंकड़ों को एकत्रित और व्यवस्थित करने के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाएं। इनके प्रारूप को मानकीकृत करें और यह सुनिश्चित करें कि ये सभी राज्य वित्त आयोगों के लिए उपलब्ध हों।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे राज्य वित्त आयोगों को हस्तांतरण प्रक्रिया में सोच-विचार कर निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

# भारतीय कंपनियों ने कनाडा में 11 अरब कनाडाई डॉलर का निवेश किया, 33,000 नौकरियां सृजित

वाशिंगटन, (भाषा)।

भारतीय कंपनियों ने सूचना प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान और विनिर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कनाडा में लगभग 11 अरब कनाडाई डॉलर का निवेश किया है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और कनाडा-भारत व्यापार परिषद की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।



वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की कनाडा यात्रा के दौरान जारी की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी अमेरिकी देश के 10 में से आठ प्रांतों में 50 भारतीय कंपनियों की उपस्थिति है और उन्होंने 33,000 से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। भारतीय कंपनियों द्वारा सृजित रोजगार 2023 से लगभग दोगुना हो गए हैं। सीआईआई ने उस समय पहली बार कनाडा में भारतीय निवेश पर एक विश्लेषण प्रकाशित किया था। भारतीय कंपनियों ने अनुसंधान और विकास में 1.08 अरब कनाडाई डॉलर और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) में 2.4 करोड़ कनाडाई डॉलर का निवेश किया है।

'भारत से कनाडाः आर्थिक प्रभाव और सहभागिता' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया, ''सर्वेक्षण में शामिल प्रत्येक कंपनियों की अगले पांच साल में कनाडा में और अधिक निवेश करने की योजना है। लगभग सभी कंपनियां अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना बना रही हैं। ज्यादातर कंपनियों की अपने अनुसंधान और विकास और सीएसआर प्रतिबद्धताओं का विस्तार करने की योजना है।'' गोयल ने पिछले महीने व्यापारिक संबंधों को विस्तार देने के लिए 100 से अधिक उद्योग प्रमुखों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए कनाडा की यात्रा की। उन्होंने घोषणा की कि भारत और कनाडा का लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत पूरी करनी है। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि दोनों देश वर्तमान स्तर से द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 50 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रख रहे हैं।

भारत-कनाडा के बीच वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार 2024 में बढ़कर लगभग 23 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसमें सेवाएं सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरी हैं। भारत वर्तमान में कनाडा से दाल, उर्वरक, अखबारी कागज, लकड़ी का गूदा और औद्योगिक रसायन आयात करता है, जबकि औषधि उत्पाद, रत्न और आभूषण, वस्त्र और इंजीनियरिंग सामान निर्यात करता है।



जग प्रेरणा
# देश विदेश
● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## विशाखापत्तनम में बड़ा हादसा: स्टील प्लांट में गिरा 1600 डिग्री सेल्सियस का पिघला हुआ लोहा, 8 श्रमिकों की मौत...



डेस्क जगप्रेरणा।

***आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के परिसर में सोमवार को पिघला हुए लोहा गिरने से कम से कम 8 श्रमिकों की मौत हो गई है।***

सामने आई जानकारी के अनुसार, स्टील प्लांट के **SMS**-2 और **STC**-3 ताप संयंत्र में ताप संयंत्र में भारी मात्रा में पिघला हुआ लोहा लीक हो गया। हादसे में कई लोग घायल भी हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पीएम मोदी ने की मुआवजे की घोषणा..

विशाखापत्तनम में हुए इस दर्दनाक हादसे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संज्ञान लिया है। पीएम मोदी ने लिखा- 'विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुए हादसे से व्यथित हूं। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना। स्थानीय अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता पहुंचा रहे हैं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को **PMNRF** से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।'

### 1600 डिग्री सेल्सियस था तापमान..

**PTI** की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया है कि अब तक 5 श्रमिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, ये हादसा तब हुआ जब बाल्टी में रखे पिघले लोहे को क्रेन से ले जाया जा रहा था, तभी पिघला हुआ लोहा श्रमिकों के ऊपर गिर गया। पुलिस के अनुसार पिघला हुआ लोहा काफी ज्यादा गर्म था और उसका तापमान लगभग 1600 डिग्री सेल्सियस था।

### चंद्रबाबू नायडू ने क्या कहा?

इस हादसे को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी दुख जताया है। चंद्रबाबू नायडू ने कहा- विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में हुए हादसे से मैं काफी स्तब्ध हूं। मुझे यह जानकर गहरा दुख हुआ है कि इस दुर्घटना में कई श्रमिकों की जान चली गई है।

मैंने संबंधित अधिकारियों से बात की है और उन्हें सभी सरकारी विभागों के समन्वय से राहत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया है।

## फिलीपींस में भूकंप-सुनामी के कारण 19 की मौत, 200 से ज्यादा घायल, रिक्टर स्केल पर 7.8 रही तीव्रता..



डेस्क जगप्रेरणा।

***फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में सोमवार सुबह 7.8 मैग्नीट्यूड का एक जोरदार भूकंप आया। इसके बाद समुद्री तटों पर आई सुनामी से भी नुकसान हुआ है। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ इलाके में था।***

भूकंप के चलते बिजली गुल होने की खबर है और लोगों से ऊंची जगहों पर जाने की अपील की गई है। भूकंप और सुनामी के कारण 19 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सुनामी के कारण 1 मीटर समुद्र तट पर एक मीटर ऊंची लहरें उठीं।

फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का सेंटर मिंडानाओ द्वीप पर जनरल सैंटोस शहर से 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में, 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

भूकंप लोकल टाइम के हिसाब से सुबह 7:37 बजे आया। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने लोगों से फिलीपींस के उन इलाकों में तुरंत ऊंची जगहों पर जाने की अपील की, जहां सुनामी का खतरा है, और इंडोनेशिया और मलेशिया के अधिकारियों ने भी अपने पास के तटीय इलाकों के लिए चेतावनी जारी की।

### इंडोनेशिया-मलेशिया में भी सुनामी का खतरा..

पैसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने कहा कि फिलीपींस के कुछ तटों पर 3 मीटर तक ऊंची सुनामी लहरें उठ सकती हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया के कुछ तटों पर 1 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। फिलीपीन इंस्टीट्यूट के हेड टेरेसिटो बैकोलकोल ने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा, 'हम लोगों को ऊंची जगहों पर जाने या और अंदर जाने की सलाह देते हैं।' ताइवान, जापान, गुआम, पापुआ न्यू गिनी और पश्चिमी प्रशांत महासागर के कई द्वीप देशों और इलाकों में छोटी सुनामी लहरें आ सकती हैं।

### रिंग ऑफ फायर पर स्थित है फिलीपींस..

इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी और उत्तरी मालुकु प्रांतों में रहने वालों ने भूकंप के झटके महसूस किए। फिलीपींस दुनिया के सबसे ज्यादा आपदाओं से प्रभावित देशों में से एक है। यह देशे अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोटों की चपेट में आता है। यह प्रशांत महासागर के चारों ओर भूकंपीय दरारों के एक गोले पर स्थित है। इसे रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। इस द्वीपसमूह पर हर साल लगभग 20 टाइफून और ट्रॉपिकल तूफान भी आते हैं।

### तीन बार महसूस हुए जोरदार झटके..

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार सुबह 5.07 बजे से लेकर 6.25 बजे के बीच भूकंप के तीन जोरदार झटके महसूस किए गए। पहले भूकंप की तीव्रता 7.7 थी। यह सुबह 5 बजकर 7 मिनट पर महसूस किया गया। भूकंप के केंद्र की गहराई धरती की सतह से 93 किलोमीटर नीचे थी। दूसरा झटका 5 बजकर 18 मिनट पर आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 थी। इसका केंद्र जमीन में 79 किलोमीटर गहरा था। तीसरा भूकंप 6 बजकर 25 मिनट पर महसूस किया गया। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 रही और केंद्र 76 किलोमीटर नीचे था।

## मैसुरु में घर में मृत पाई गई महिला, परिवार ने लगाया हत्या का आरोप..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कर्नाटक के मैसुरु में सोमवार को 30 वर्षीय एक विवाहित महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस के अनुसार, महिला के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि वैवाहिक विवाद के चलते उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान संध्या के रूप में हुई है। संध्या का शव स्थानीय सरस्वतीपुरम में जावरेगौड़ा पार्क के पास उसके घर से बरामद किया गया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।***

पुलिस के मुताबिक, संध्या की शादी अक्षय से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों के बीच अक्सर झगड़े होने लगे थे। पुलिस ने बताया कि संध्या का शव छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। संध्या के माता-पिता का आरोप है कि पति और ससुराल वालों द्वारा उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और उन्होंने दावा किया कि उसकी हत्या की गई है।

संध्या की मां गीता निंगराजू ने आरोप लगाया कि उनके दामाद ने उनकी बेटी की हत्या की और बाद में शव को फंदे से लटका दिया। गीता निंगराजू ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हमने शादी में अच्छा-खासा दहेज और आधा किलोग्राम सोना दिया था तथा धूमधाम से शादी की थी। शादी के कुछ महीनों बाद ही उनके बीच विवाद शुरू हो गया। मेरी बेटी को उसके पति, सास और ससुर द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। वह सब कुछ बर्दाश्त करती रही और वहीं रहती रही, क्योंकि उसे डर था कि मायके लौटने से परिवार की बदनामी होगी।'

निंगराजू ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली थी कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। अपनी बेटी के लिए न्याय की मांग करते हुए संध्या की मां ने दोषियों के खिलाफ सख्त सजा की मांग की है। संध्या की एक रिश्तेदार मंजूला ने भी आरोप लगाया कि दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते थे और उनके बीच के विवादों को सुलझाने के लिए परिवार के बुजुर्गों ने कई बार हस्तक्षेप भी किया था।

मंजूला ने आरोप लगाया, 'संध्या एक साहसी महिला थी और वह कभी अपनी जान नहीं ले सकती थी। अक्षय ने उसकी हत्या की, शव को पंखे से लटका दिया और फिर फरार हो गया।' सरस्वतीपुरम थाना पुलिस के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई साजिश (हत्या) थी। इस मामले की विस्तृत जांच जारी है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

## रात का खाना खाने के बाद दो बच्चों की मौत, मां की हालत नाजुक...



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***नोएडा में रबूपरा थानाक्षेत्र के रबूपुरा में रात का भोजन करने के बाद दो भाई-बहन की मौत हो गयी जबकि मां की हालत नाजुक है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रबपुरा कस्बे में 35 वर्षीय एक महिला***

और उसके दो बच्चे --बेटी दीपांशी (आठ) और बेटे प्रिंस (पांच) रविवार रात खाना खाकर सोने गए तभी उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें उल्टियां आने लगीं। प्रवक्ता के अनुसार परिजनों ने उन्हें एक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान सोमवार को दीपांशी तथा प्रिंस की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह पता चलेगा कि बच्चों की मौत क्यों हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों ने किसी प्रकार की संदिग्ध परिस्थितियों से इनकार किया है तथा पुलिस आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है। उन्होने बताया कि महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना के चलते क्षेत्र में चर्चा है कि कहीं महिला की मौत खाद्य विषाक्तता के चलते तो नहीं हुई। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार महिला का तीन दिन पहले एक अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। दोनों बच्चे अपनी मां के साथ वहां पर थे। इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि आपरेशन के दौरान कहीं अस्पताल में कोई संक्रमण तो नहीं हुआ।

## लखनऊ में शख्स ने पत्नी की चाकू से गोदकर की हत्या, खुद भी खा लिया जहर; अस्पताल में भर्ती..



डेस्क जगप्रेरणा।

***यूपी की राजधानी लखनऊ से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को महिला का शव एक कमरे में मिला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।***

आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराए जाने पर उसके विषाक्त पदार्थ खाने की जानकारी मिली। फिलहाल आरोपी का इलाज किया जा रहा है। घटना लखनऊ के माल इलाके की बताई जा रही है। वहीं पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कमरे में मिला मृतका का शव..

दरअसल, लखनऊ के माल इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद पति ने भी जहर खा लिया। आज दोपहर करीब तीन बजे थाना माल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आजाद नगर, थाना माल क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना प्राप्त होते ही थाना माल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारम्भिक जांच में ज्ञात हुआ कि जितेन्द्र प्रताप सिंह (55) निवासी आजाद नगर ने अपनी पत्नी मोनिका सिंह (47) की चाकू मारकर हत्या कर दी है। मृतका का शव घर के एक कमरे में पाया गया।

### आरोपी को अस्पताल में कराया गया भर्ती..

घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर फॉरेन्सिक टीम को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए जाने के बाद आरोपी को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। इसके बाद डॉक्टरों ने संभावना जताई कि आरोपी ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन किया है।

उसकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला के बड़े बेटे अंशुमान सिंह ने मामले में तहरीर दी। शिकायत के आधार पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस की टीम मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

## हिंदू मॉडल को शादी का झांसा देकर 11 साल तक किया शोषण, अब धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव..



डेस्क जगप्रेरणा।

सरधना क्षेत्र की रहने वाली एक हिन्दू मॉडल युवती ने अपने पूर्व प्रेमी और उसके परिजनों पर शादी का झांसा देकर कई सालों तक शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसका प्रेमी बसील मुस्लिम है और धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था।

वह वसील के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहते हुए तीन बार गर्भवती भी हुई, जबरन गर्भपात करवा दिया गया और उससे लाखों रुपये भी ले लिए गए। पीड़िता को जब पता लगा कि वसील ने उसे धोखा देकर दूसरी शादी कर ली है तो अब उसने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मॉडल ने अब पुलिस से इस मामले की शिकायत की है। मीडिया को उसने बताया कि वह साल 2015 से दिल्ली में मॉडलिंग में अपना करियर बना रही थी। इसी दौरान दिल्ली में उसकी मुलाकात सरधना के रहने वाले वसील से हुई। दोनों में बातचीत हुई और यह सिलसिला अफेयर में बदल गया। दोनों ने लिए मॉडलिंग में आगे बढ़ने के लिए मुंबई चले गए। वसील उसे बड़ी अदाकारा बनाने का सपना दिखाते हुए 2016 मुंबई में ले गया। पिछले 11 सालों से दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

### 2016 से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे दोनों..

पुलिस शिकायत के मुताबिक साल 2016 में दोनों मुंबई में रहने लगे। इस दौरान बसील ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। 2017 में गर्भवती होने पर जब उसने विवाह की बात की तो युवक और उसके परिवार ने सामाजिक कारणों का हवाला देकर मामला टाल दिया। युवती का आरोप है कि परिवार के दबाव में उसे तीन बार गर्भपात कराना पड़ा, जबकि बाद में भी लगातार शादी का आश्वासन दिया जाता रहा। पीड़िता का कहना है कि उसने मॉडलिंग से कमाई का बड़ा हिस्सा बसील और उसके परिवार की मदद में खर्च किया। आरोप है कि करीब दस सालों के दौरान उससे 50 से 60 लाख रुपये लिए गए, लेकिन विवाह का वादा कभी पूरा नहीं किया गया, उसके साथ धोखा हुआ है।

### मॉडल पर बनाया गया था धर्म बदलने का दबाव..

युवती ने बताया कि बसील उसे कई बार अपने सरधना स्थित घर भी लेकर गया था, परिवार में स्नेह देखकर लगा कि बसील के परिवार ने उसे बहू के रूप में स्वीकार कर लिया है। बाद में बसील का व्यवहार बदलता हुए देखकर वह इसी साल मई में बसील के घर पहुंची। वहां उसे पता चला कि वसील ने 2 मई को दूसरी युवती से निकाह कर लिया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर वसील, उसके पिता यामीन और अन्य परिजनों ने उसके साथ मारपीट की, अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता का दावा है कि उस पर दबाव था कि वह हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म स्वीकार कर ले तभी शादी हो सकती है। जब उसने धर्म बदलने से इंकार कर दिया तो बसील और उसके परिवार का व्यवहार पूरी तरह बदल चुका था।

## डोमिनिकन गणराज्य में विमान दुर्घटनाग्रस्त दो अमेरिकी पायलटों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कैरेबियाई क्षेत्र के द्वीपीय देश डोमिनिकन गणराज्य में आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश कर रहे एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होकर आग की चपेट में आ जाने से अमेरिका के एक पायलट और सह-पायलट की मौत हो गई।***

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डोमिनिकन नागरिक उड्डयन संस्थान के एक बयान के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार को दक्षिणी तटीय शहर ला रोमाना के निकट हुई। संस्थान ने मृत पायलट और सह-पायलट की पहचान अमेरिकी नागरिकों के रूप में की है। विमान दुर्घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। विमान में कोई यात्री सवार नहीं था।

मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) के ऑल-स्टार रह चुके पूर्व कैचर याडियर मोलिना ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह विमान उन्हें, उनके परिवार और मित्रों को लेने के लिए टेक्सास जा रहा था। मोलिना ने लिखा, 'पायलटों और उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।' उन्होंने बताया कि वह और उनका समूह प्यूर्टो रिको जाने वाले थे। अधिकारियों के अनुसार, विमान ने प्यूर्टो रिको से उड़ान भरी थी और टेक्सास जाने से पहले ईंधन भरवाने के लिए डोमिनिकन गणराज्य में उतरा था। अधिकारियों ने बताया कि डोमिनिकन गणराज्य से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पायलट और सह-पायलट ने आपात स्थिति की सूचना दी थी।








जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

# ‘सरसकट’ कर्ज माफ़ी दो, तांत्रिक तारिख की शर्त रद्द करो, आमगांव में सरकार को अर्जी

## 2019 से पहले के ज़रूरतमंद किसानों को ‘अहिल्यादेवी होलकर योजना’ में शामिल करो, ‘संस्था अध्यक्ष संघ’ की तहसीलदार से ज़रूरी मांग..



जगप्रेरणा आमगांव।

*महाराष्ट्र सरकार के कोऑपरेटिव, मार्केटिंग और टेक्सटाइल डिपार्टमेंट की तरफ़ से राज्य के बकायादार किसानों के लिए घोषित ‘पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर शेतकरी कर्ज़मुक्ति योजना-2026’ का*

आमगांव तालुका समेत पूरे महाराष्ट्र में ज़ोरदार स्वागत हो रहा है, इस योजना में एक मुश्किल तांत्रिक शर्त की वजह से ज़िले के हज़ारों गरीब और ज़रूरतमंद किसानों के कर्ज माफ़ी के फ़ायदों से वंचित रहने का बड़ा डर है। इस नाइंसाफ़ी के ख़िलाफ़ सोमवार, 8 जून को ‘ विविध सेवा सहकारी संस्था अध्यक्ष संघ, तालुका आमगांव’ की तरफ़ से माननीय मुख्यमंत्री और को ऑपरेटिव और मार्केटिंग डिपार्टमेंट की कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन के नाम सरकार को एक विस्तृत मांग पत्र दिया गया। यह निवेदन देते समय अलग-अलग विविध सेवा सहकारी संस्था पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। 2 जून, 2026 के सरकारी निर्णय (क्रमांक क्रकमा. **0256/ Pr. Kr. 93/ Ka2-S)** की शर्त क्रमांक 1 (ए) (1) के अनुसार, इस योजना का लाभ केवल 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2025 की अवधि के दौरान लिए गए और 30 सितंबर, 2025 तक बकाया रहने वाले अल्पकालिक फसल ऋणों को ही प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस विशिष्ट शर्त के कारण, आमगांव तालुका सहित राज्य के हजारों अत्यंत गरीब और जरूरतमंद किसान इस योजना के लाभ से पूरी तरह वंचित हैं, जिनके ऋष्ण अपरिहार्य और निरंतर प्राकृतिक आपदाओं के कारण 1 अप्रैल, 2019 से बकाया हैं।

जैसा कि निवेदन में उल्लेख किया गया है, आमगांव और गोंदिया जिले मुख्य रूप से धान उत्पादक क्षेत्र हैं और यहां के किसान लगातार अनियमित बारिश, ओलावृष्टि, गंभीर सूखा और भारी बारिश जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहे हैं। 2019 से पहले आई एक के बाद एक कुदरती आफतों की वजह से, बहुत से छोटे किसान अपना लोन नहीं चुका पाए। ये किसान पहले से ही बैंकों के बकाए के चक्कर में फंसे हुए हैं और उन्हें नया फसल लोन भी नहीं मिल रहा है। नए सरकारी फैसले में तारीख की इस शर्त से यह डर पैदा हो गया है कि ये किसान हमेशा के लिए इस दायरे से बाहर हो जाएँगे।

### तहसीलों की सरकार से रखी गई मुख्य माँगें :

2019 से पहले के बकाया लोन को शामिल करके ‘सरसकट’ फ़ायदे दें: ‘पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर शेतकरी कर्ज़मुक्ति योजना, 2026’ के क्राइटेरिया में तुरंत बदलाव करके, उन सभी योग्य किसानों को, जिनका फ़सल लोन 1 अप्रैल, 2019 से पहले भी बकाया हो गया है, 2.00 लाख रुपये तक के लोन माफ़ी का सीधा फ़ायदा देकर ‘सरसकट’ इंसाफ़दिया जाए।

**अति-समाप्त एवं एनपीए खातों को राहत :** जिन पुराने किसान खातों पर लंबे समय से बकाया है तथा बैंकों द्वारा उन्हें एनपीए घोषित कर दिया गया है, उन्हें इस योजना के अंतर्गत वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) अथवा सीधे ऋण माफी का विशेष लाभ प्रदान कर बैंकिंग प्रवाह में वापस लाया जाना चाहिए। आमगांव तालुका की भौगोलिक स्थिति पर विचार किया जाना चाहिए : हमारे आमगांव सीमा क्षेत्र के पुराने बकायादार किसान, जो धान उत्पादक हैं तथा लगातार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित रहते हैं, उन्हें सिर्फ तकनीकी तिथि की शर्त के कारण योजना से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए।

यदि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों के बकाया की समस्या का स्थायी समाधान करना है, तो 2019 से पहले के किसानों के पुराने बकाया को इससे बाहर नहीं रखा जाना चाहिए, अन्यथा ऋण मुक्ति का यह उद्देश्य पूरी तरह से प्राप्त नहीं होगा, ऐसा वक्तव्य में स्पष्ट रूप से कहा गया है। स्थानीय प्रशासन के मुखिया के रूप में माननीय तहसीलदार साहब को आमगांव तालुका के सभी किसानों की इस बहुत ही जायज़ और दिल से निकली मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और यह बात महाराष्ट्र सरकार के कोऑपरेशन, मार्केटिंग और टेक्सटाइल डिपार्टमेंट के साथ-साथ माननीय को भी भेजनी चाहिए। आमगांव तालुका में मौजूद सभी किसानों, जनप्रतिनिधियों और विविध सेवा सहकारी संस्था के पदाधिकारियों ने इस मामले को तुरंत सिफारिशों के साथ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सब-कमेटी को भेजने की ज़ोरदार आग्रही मांग की है।

# विधायक संजय पुराम ने दिखाई सतर्कता, दुर्घटनाग्रस्त करने वाले मार्ग के गड्ढे को तुरंत भरने के दिये आदेश..

## वाहन चालकों मिली राहत..

जगप्रेरणा आमगांव।

*आमगांव स्थित किडगीपार से आमगांव जाने वाले मार्ग से नारायणनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर बडा गड्ढा होने की वजह से किडगीपार से आमगांव नारायण नगर की ओर जाने वाले*

वाहनचालकों को दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ था एवं अनेक वाहनचालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे ऐसे मे किडगीपार आमगांव मार्ग पर स्थित पेंट दुकान के संचालक दमाहे के घर दुःखद घटना होने से विधायक संजय पुराम एवं पुर्व महिला बाल कल्याण सभापती सविता पुराम सांत्वना भेट हेतु दमाहे के घर पोहचे थे ऐसे मे उन्हे खतरनाक गड्ढे की समस्या ध्यान में आने पर उन्होंने तुरंत संबंधित विभाग से संपर्क कर गड्ढे को भरने के आदेश दिये एवं उस खतरनाक गड्ढे को भरा गया जिसके बाद इस मार्ग से यातयात करने वाले अनेक वाहनचालको को राहत मिली है।




दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### सार्वजनिक जगह पर गालीगलौच कर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/6/2026 के रात 8 बजे संभुटोला मे फर्यादी निलेश नानुकदास मच्छीरके उम्र 25 वर्ष निवासी महारीटोला अपने दोस्त के साथ खडा था। जहा तिनो आरोपियो ने आकर गालीगलौच कर मारपीट की दोस्त छुड़ाने आया तो आरोपीयों ने उसे भी मारपीट करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 408/2026 धारा 296, 115, 2,351, 2,3,5, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा बर्वे 562 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### ट्रक चालक ने मारा 3 वाहनो को ठोस मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/ 6/ 2026 के 9 बजे के दरम्यान नवेगावबांध टि पाईट चौक पर आरोपी 16 चक्का ट्रक चालक देवानंद कवळुजी कुरसुंगे उम्र 40 वर्ष निवासी आवरीटोला ने ट्रक क्रमांक सी जी 08 ए डब्लु 3728 लापरवाहीसे चलाकर अल्टो 800 कार को ठोस मारी साथ ही मोटरसायकल को ठोस मारी और सामने खडे शासकीय वाहन सुमो गोल्ड क्रमांक एम एच 35 डी 512 को टक्कर मारकर गाडी का नुकसान किया अल्टो और मोटरसायकल चालक को जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ पोस्टे नवेगावबांध मे अपराध क्रमांक 158/2026 धारा 281,125, अ, 324, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच मपोना आशा टेंभुर्णे 911 पोस्टे नवेगांवबांध कर रहे है।

### दो मोटरसायकल की भिड़ंत एक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/ 5/ 2026 के शाम 7 बजे शिवनटोला मे चंदशेखर भावराव कोसरकर उम्र 45 वर्ष निवासी घटेगाव अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए एम 0870 से अपने घर आ रहा था। घटना के समय सामने से आ रही मोटर सायकल के चालक ने मुनेश्वर साधुजी भुरे उम्र 52 वर्ष ने अपना वाहन क्रमांक एम एच 35 आर 3570 लापरवाही से चलाकर ठोस मारी जख्मी हुवे चंद्रशेखर की उपचार के दौरान मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 278/ 2026 धारा 281,125, बी,106,1, बी एन एस 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा खोटेले 1971 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### तु चुगली करता है बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोदिया।

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/6/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान ग्राम भागी मे फर्यादी इंसाराम गोविंदराव उईके घटना के समय अपने दोस्त के 3 साल के बेटे को उसके घर छोड़ने अपनी मोटरसायकल से जा रहे थे। रास्ते मे आरोपी महिला ने कहा रुक फर्यादी नही रुका तो महिला मे लकड़ी फेककर मारी फर्यादी बच्चे को छोड़कर वापस आया तो महिला ने कहा तु मेरी चुगली करता है बोलकर लकडी से मारपीट की और कहा तु मेरी शिकायत करेगा तो मै उल्टा गुंडे लेकर मारने आया था तेरे नाम से झुठी रिपोर्ट देने की धमकी देने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 218/2026 धारा 118,1,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा हातझाडे 1766 पोस्टे देवरी कर रहे है।

# माहेश्वरी महिला मंडल आमगांव द्वारा किया गया छाछ वितरण..




जगप्रेरणा आमगांव।

*अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन और विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के उपक्रम के अंतर्गत माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आमगांव के बस स्टैंड, अस्पताल,*

सब्जी मंडी, विभिन्न कारखानों के श्रमिकों को 200 लीटर छाछ वितरण का किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी मंडल और युवा संगठन ने भी माहेश्वरी महिला मंडल को सहयोग किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता मल्ल, जिला सहसचिव राधिका कोठारी, आमगांव अध्यक्ष चंदा कोठारी, सचिव आरती भैया, कोषाध्यक्ष कविता कलंत्री, संगठन मंत्री मंजू गोयल,प्रचार मंत्री निशिता उपाध्याय, स्नेहा भूतड़ा, आशा पनपालिया, प्रीति राठी, सीता भैया, अरुणा भैया, रोशनी गोयल, रोशनी उपाध्याय,नीतू भूतड़ा माहेश्वरी संगठन अध्यक्ष अजय भूतड़ा, सचिव अमोल कोठारी, तालुका अध्यक्ष मनीष भैया, सचिव ललित राठी जिला युवा संगठन अध्यक्ष पंकज पनपालिया, के साथ माहेश्वरी महिला मंडल और माहेश्वरी मंडल के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। गर्मी के ऋतु में छाछ वितरण की सभी छाछपान करने वाले ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 12105/12106 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोंदिया - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एक्सप्रेस में अतिरिक्त एक एसी 3-टियर कोच की अस्थायी सुविधा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

यात्रियों की बढ़ती मांग एवं प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोंदिया एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी 3-टियर कोच अस्थायी रूप से जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है।

रेल प्रशासन द्वारा दिनांक 09 जून 2026 को गाड़ी संख्या 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोंदिया एक्सप्रेस में एक अतिरि (एसी 3-टियर) कोच जोड़ा जाएगा। उक्त अतिरिक्त एसी 3-टियर कोच के संचालन से बड़ी संख्या में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को आरक्षित बर्थ उपलब्ध हो सकेगी तथा यात्रा अधिक सुविधाजनक एवं आरामदायक बन सकेगी।

इसी प्रकार वापसी दिशा में दिनांक 10 जून 2026 को गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस में भी उक्त अतिरिक्त (एसी 3-टियर) कोच संचालित किया जाएगा। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे अपनी यात्रा से पूर्व गाड़ी की अद्यतन कोच संरचना एवं आरक्षण स्थिति की जानकारी रेलवे की अधिकृत माध्यमों से प्राप्त कर लें।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग के 07 उत्कृष्ट कर्मचारियों को प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा किया गया सम्मानित



जगप्रेरणा गोंदिया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक **(PCCM)** श्री विजय कुमार ने दिनांक 08 जून 2026 (सोमवार) को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों–बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर–के टिकट जांच कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किय वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने-अपने मंडलों में सर्वाधिक आय अर्जित करने वाली महिला कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बिलासपुर मंडल की श्रीमती बसंती सिंह, टिकट निरीक्षक, रायपुर मंडल की श्रीमती रुद्राणी देव बर्मन, उप मुख्य टिकट निरीक्षक तथा नागपुर मंडल की श्रीमती रेखा यादव, उप मुख्य टिकट निरीक्षक सहित तीनों मंडलों के अन्य उत्कृष्ट कर्मचारियों को भी प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने दिव्यांग कर्मचारी के समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं की विशेष सराहना की । उन्होंने कहा कि शारीरिक चुनौतियों के बावजूद इन कर्मचारियों ने यात्रियों की सेवा में अनुकरणीय योगदान दिया है । विशेष रूप से दृष्टिबाधित कर्मचारी सहयोग (पूछताछ) काउंटरों पर यात्रियों को ट्रेनों की आवाजाही, प्लेटफॉर्म तथा अन्य यात्रा संबंधी जानकारी अत्यंत दक्षता के साथ उपलब्ध करा रहे हैं । उनकी सेवाओं की यात्रियों द्वारा भी व्यापक सराहना की गई है । उनकी उपलब्धियां गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की प्रसिद्ध पंक्ति–‘मेरी आँखों के पीछे भी एक दृष्टा बैठा है’–को चरितार्थ करती हैं, जो यह संदेश देती है कि वास्तविक दृष्टि केवल आँखों से नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मबल से प्राप्त होती है। बिलासपुर मंडल की श्रीमती रानी सोनवानी, टिकट परीक्षक जो स्वयं दृष्टिबाधित हैं, किंतु यात्रियों के मार्गदर्शन एवं सहायता में निरंतर उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रही हैं, उन्हें प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा विशेष नगद पुरस्कार प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त रायपुर मंडल के वाणिज्य निरीक्षकों एवं टिकट जांच कर्मचारियों ने एमएसटी/ क्यूएमएसटी/ एचएमएसटी से संबंधित दुरुपयोग एवं धोखाधड़ी **(fraud)** के मामलों का पता लगाकर रेलवे को होने वाली राजस्व हानि को रोकने में उल्लेखनीय सफ्लता प्राप्त की। कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में असाधारण सतर्कता, सूझबूझ एवं व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया। प्रारंभिक मामले का पता चलने के बाद टीम ने सुनियोजित रणनीति के तहत कार्रवाई करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता **(Artificial Intelligence)** की सहायता से फर्जी एमएसटी बनाने एवं उपयोग करने वाले पूरे गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की ।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री विजय कुमार ने मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, दुर्ग, श्री जितेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में कार्यरत रायपुर मंडल की टीम को समूह नगद पुरस्कार प्रदान किया तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु उनकी सतर्कता, टीम भावना एवं तकनीक के अभिनव उपयोग की सराहना की । अपने संबोधन में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वाणिज्य विभाग में यात्रियों की उत्कृष्ट सेवा, ईमानदारी, समर्पण तथा राजस्व संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन कर्मचारियों की उपलब्धियां अन्य रेलकर्मियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगी।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

तिरोड़ा • गोरेगांव • आमगांव • सालेकसा • देवरी • मोरगांव अर्जुनी • तुमसर • साकोली • लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## सांसद प्रफुल पटेल व तटकरे की प्रमुख उपस्थिति में राकांपा उम्मीदवार राजेंद्र जैन ने राज्यसभा उपचुनाव हेतु भरा नामांकन..

- राज्यसभा सदस्य बनने के बाद 11 जून को होगा नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन का गोंदिया नगरागमन..
- नागपुर से भंडारा, गोंदिया तक जगह जगह होगा भव्य स्वागत..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***राष्ट्रीय राजनीति के प्रमुख सितारे सांसद प्रफुल पटेल के चहेते तथा गोंदिया भंडारा सहित विदर्भ की राजनीति में बड़ी बैठ रखने वाले पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन को 18 जून को होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)***

उम्मीदवार घोषित किया गया, जिसके बाद आज सोमवार 08 जून को भावी सांसद राजेन्द्र जैन ने अपने नेता सांसद प्रफुल पटेल, पार्थ पवार, महाराष्ट्र राकांपा अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे तथा राज्य के मंत्री छगन भुजबल सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान महायुति गठबंधन के मंत्री आशीष शेलार (भाजपा) और भरत गोगावले (शिवसेना) तथा राकांपा विधायक राजकुमार बडोले भी मौजूद थे। गौरतलब है कि पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। हालांकि राजनीतिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सदस्य के लिये किसी एक और व्यक्ति ने भी अपना नामांकन फॉर्म भरा है, तथा चूंकि नामांकन फॉर्म भरने वाले व्यक्ति के पास राज्यसभा चुनाव के लिये निर्धारित योग्यता नहीं है, जिसके चलते 09 जून मंगलवार को उक्त आवेदक का फॉर्म निरस्त होने की संभावनाएं जताई जा रही है, तथा इस स्थिति में पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

### प्रफुल पटेल, राजेन्द्र जैन की तस्वीरें लहराकर मनाई खुशियां..





गौरतलब है कि सांसद प्रफुल पटेल के चहेते राजेन्द्र जैन को राज्यसभा सदस्य के लिये उम्मीदवार बनाये जाने पर गोंदिया में राष्ट्रवादी कांग्रेस में भारी जश्न का माहौल है। श्री राजेन्द्र जैन द्वारा आज नामांकन फॉर्म भरे जाने के बाद गोंदिया के राष्ट्रवादी कांग्रेस कार्यालय के समक्ष तथा सांसद पटेल के सीजे कंपनी के कार्यालय के सामने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रफुल पटेल व राजेन्द्र जैन की तस्वीरें लहराकर पटाखे फोड़े, तथा मिठाईयां भी बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था।

### सांसद प्रफुल पटेल के साथ 11 जून को होगा सांसद राजेन्द्र जैन का गोंदिया आगमन..

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस 10 जून को मुंबई में धुमधाम से मनाया जायेगा, इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रमुख नेता के रुप में सांसद प्रफुल पटेल के साथ ही नव निर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन भी रहेंगे, इसके बाद 11 जून को सांसद प्रफुल पटेल के साथ नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन का नागपुर, भंडारा होते हुए गोंदिया आगमन होगा। नागपुर से लेकर गोंदिया तक सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेन्द्र जैन के स्वागत की भव्य तैयारियां की जा रही है, तथा जानकारी के अनुसार नागपुर से गोंदिया तक जगह जगह स्वागत द्वार, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग आदि लगाने के साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा पुरे रास्ते भर सांसद पटेल एवं सांसद राजेन्द्र जैन का स्वागत किया जायेगा।

### बड़े दिल वाले सांसद प्रफुल पटेल..

गौरतलब है कि गोंदिया जिले की राजनीति में भले ही विरोधी पक्ष के नेता या सहयोगी गठबंधन के नेताओं के हमेशा यह आरोप रहे कि सांसद प्रफुल पटेल ने किसी को आगे बढ़ने नहीं दिया, लेकिन समय समय पर अपने चहेतों को बड़े अवसर प्रदान करते हुए सांसद प्रफुल पटेल ने ऐसे आरोपों का उचित जवाब भी दिया। हां यह जरुर कहा जा सकता है कि ईमानदार एवं विश्वासपात्रों के लिये सांसद पटेल का दिल हमेशा बड़ा रहा, चाहे नाना पंचबुद्ध को मंत्री बनाने की बात रही हो या फिर नरेश माहेश्वरी को म्हाड़ा सभापति बनाने या फिर अपने चहेते राजेन्द्र जैन को सांसद पटेल ने दो बार विधान परिषद में अवसर प्रदान किया, तो वहीं एक बार फिर राजेन्द्र जैन के समर्पण को सम्मान देते हुए तथा बड़ा दिल करते हुए सांसद प्रफुल पटेल ने राजेन्द्र जैन को अपने बराबरी में राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित करवाने का अवसर भी प्रदान किया। एक तरफ जहां पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का सांसद प्रफुल पटेल के प्रति लगाव हमेशा चर्चा में रहा है, वहीं सांसद प्रफुल पटेल का भी राजेन्द्र जैन के प्रति विश्वास और चाहत प्रदर्शित होती ही रही है, तथा अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा परछाई की तरह चलने वाले राजेन्द्र जैन को एक बार फिर समर्पण का बड़ा पारिश्रमिक दे दिया है। राजनीतिक हलकों में सांसद प्रफुल पटेल के इस निर्णय से उनके प्रति कार्यकर्ताओं में और सम्मान बढ़ा है।

## 27 वीं जूनियर राज्य सेपक टकरॉ चैम्पियनशिप में गोंदिया टीम ने जीता कांस्य पदक..



### शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम किया रोशन, खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र सेपक टकरॉ एसोसिएशन द्वारा आयोजित 27वीं जूनियर राज्य सेपक टकरॉ चैम्पियनशिप 2026 में गोंदिया जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन***

करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम की इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है तथा खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान गोंदिया के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। कठिन मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। इस सफलता के पीछे कोच संदीप मेश्राम, टीम मैनेजर दिनेश बंसोडे तथा सेक्रेटरी डॉ. जिवानी का विशेष मार्गदर्शन एवं योगदान रहा। खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, प्रशिक्षकों एवं चयनकर्ताओं आशीष चौहान, मयूर मधवानी, गोल्डी शाहू तथा विशाल ठाकुर को दिया। खिलाड़ियों ने कहा कि उन्हें लगातार प्रोत्साहन, उचित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसके कारण वे राज्य स्तर पर यह सफलता अर्जित कर सके। टीम की इस उपलब्धि पर जिले के खेल संगठनों, नागरिकों एवं खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त की है।

## गोंदिया पुलिस ने 75 मोबाइल फोन खोज निकालकर दिये मोबाईल मालिकों को..





*जगप्रेरणा गोंदिया।*

***गोंदिया शहर पुलिस ने आज ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। पिछले तीन महीनों से मोबाइल गुमने और चोरी होने की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने तकनीकी जांच के जरिए***

75 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए। आज सोमवार को गोंदिया शहर पुलिस स्टेशन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर इन मोबाइलों को उनके मूल मालिकों को सौंप दिया गया। जैसे ही लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिले, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई नागरिकों ने उम्मीद छोड़ दी थी कि उनका फोन कभी वापस मिलेगा, लेकिन गोंदिया पुलिस की मुस्तैदी ने उनकी उम्मीद को सच साबित कर दिया। मोबाइल पाकर नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया और उनकी कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की।

### पीआई किशोर पर्वते की उपस्थिति में हुआ वितरण..

यह मोबाइल वितरण कार्यक्रम गोंदिया शहर पुलिस निरीक्षक (पीआई) किशोर पर्वते की प्रमुख उपस्थिति और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को अपने कीमती सामान के प्रति सतर्क रहने की अपील की और कहा कि पुलिस हमेशा जनता की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है।

बताया गया है कि पिछले 3 महीनों में मोबाइल चोरी और गुम होने की अनेक शिकायतें पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थीं। पुलिस की सायबर और तकनीकी टीम ने लगातार मोबाइल लोकेशन और आईएमईआई नंबरों को ट्रैक किया, जिसके बाद इन 75 मोबाइलों को जब्त करने में सफलता हासिल हुई। गोंदिया शहर पुलिस की इस त्वरित और जनहितैषी कार्रवाई की पूरे शहर में सराहना हो रही है।

### गोंदिया में विदर्भवादी नेता छैलबिहारी अग्रवाल की अध्यक्षता में

## विदर्भ राज्य आंदोलन समिति की बैठक में 2027 तक अलग विदर्भ के लिए आंदोलन तेज करने का लिया गया संकल्प




जगप्रेरणा गोंदिया।

***विदर्भ राज्य आंदोलन समिति गोंदिया जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कुड़वा नाका स्थित पेमेश रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। बैठक में नागपुर में 20 मई 2026***

को आयोजित विदर्भ स्तरीय सभा में घोषित आंदोलनात्मक रोडमैप के संदर्भ में विस्तृत चर्चा कर गोंदिया जिले की जिम्मेदारियों एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एवं कोर कमेटी सदस्य छैलबिहारी अग्रवाल ने की। बैठक में जिला समन्वयक अतुल सतदेवे ने नागपुर बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए गोंदिया जिले में आंदोलन को अधिक प्रभावी बनाने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में 15 से 20 जुलाई 2026 के बीच सिंदखेड राजा (जिला बुलढाणा) में आयोजित होने वाले 'विदर्भ निर्माण जनसंकल्प मेला', 9 अगस्त 2026 को नागपुर में आयोजित 'क्रांति दिन लॉन्ग मार्च', 24 से 28 सितंबर 2026 तक नागपुर समझौते की प्रतियों के प्रतीकात्मक दहन कार्यक्रम तथा 2 अक्टूबर 2026 को सेवाग्राम (वर्धा) में आयोजित विशेष कार्यक्रम में गोंदिया जिले की सक्रिय एवं व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर जनसंपर्क अभियान, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा विदर्भ राज्य निर्माण के समर्थन में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2027 तक अलग विदर्भ राज्य निर्माण के लिए संघर्ष को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दिलीप गौतम, भोजराज ठाकरे, जिला महासचिव सी.पी. बिसेन, गोंदिया शहर अध्यक्ष वसंत गवळी, शहर समन्वयक यशवंत रामटेके, युवा आघाड़ी अध्यक्ष अरुण बन्नाटे, सदस्य दीपक उके उपस्थित थे। महिला आघाड़ी की ओर से जिला अध्यक्ष राखी भारद्वाज, रुपाली उके, कुंदा चंद्रिकापूरे, जया कुमार, माया जांभुळकर, देवकी बघेल, सुधा दुबे, सोनू पारधी, वंदना तुरकर आदि उपस्थित रहीं। बैठक का समापन विदर्भ राज्य निर्माण आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोस की जांच
हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
Color Doppler
Power Doppler Imaging
B-flow Imaging
Tissue Harmonic Imaging
Transrectric & TV Sonography
Pediatric Sonography
Orbital Sonography
Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
Neonatologist Neurosonogram
2 D Echo Cardiography
Foetal Echo
Whole Body Ct Scan
Digital X-ray Digital Radiography System
M.R.I.
DIGITAL X-RAY
2D, 3D/4D High Resolution Sonography
2D Echo
Colour Doppler
Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com